▪ कार्तिक कृष्ण - 6 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 100 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शुक्रवार » 03-11-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित




5 विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर ज्यादा काम नहीं हो रहा : नीतीश

6 खुदकुशी का बढ़ता दायरा एवं विकृत होती संवेदनाएं

7 मेरे फिल्मों में आने के पीछे मेरे छोटे भाई अजिताभ का हाथ : अमिताभ बच्चन

## भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई पूरी ताकत से रहेगी जारी : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कांकेर (छत्तीसगढ़)/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा हैं कि चोर लुटेरों के भ्रष्टाचार को रोकने और उन पर कार्रवाई के लिए लोगो ने उन्हे सत्ता में बिठाया है,और यह काम वह पूरी ताकत से कर रहे है। कोई कुछ भी कर ले, लेकिन वह यह काम कतई रोकने वाले नही है।

मोदी ने आज यहां एक बड़ी चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ हो या कोई राज्य,कहीं भी जिसने लोगो को लूटा है,उनको सब कुछ लौटाना पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है कि एक भी बचने वाला नही है।भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई के लिए आपने मुझे सत्ता में बिठाया है। उन्होने भीड़ से अपनी चिरपरिचित शैली में पूछा कि चोर लुटेरों को ठीक करना चाहिए कि नही..फिर कहा कि गरीब के हक का पैसा लूटने वालों को वापस करना ही होगा। यह काम मैं रोकने वाला नही हूं,भले ही लाखो गाली मिले या फिर कोई कुछ कर ले। उन्होने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर पिछले पांच वर्षो में भ्रष्टाचार पर लिप्त रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस दौरान उनके नेता और कार्यकर्ता मालामाल हो गए जबकि विकास कार्य पूरी तरह से ठप रहे। बदहाल सड़के ,स्कूल और अस्पताल यहीं उनकी पांच वर्ष की उपलब्धि रही है। सरकारी दफ्तरों में घूसखोरी के नए रिकार्ड बने और पीएससी तक में नौकरियों की बंदरबाट हुई। हत्या ,हिंसा का नया दौर शुरू हुआ। इस सरकार ने केन्द्र की गरीब जनता से जुड़ी योजनाओं को रोकने की पूरी कोशिश की और प्रधानमंत्री आवास योजना में बाधा पैदा कर लोगो के घर नही बनने दिए।

## फर्स्ट टेक

### ईरान में फांसी देने के मामले 30 प्रतिशत बढ़े: संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट

**संयुक्त राष्ट्र/एपी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने एक नई रिपोर्ट में कहा है कि ईरान ''चिंताजनक दर से'' लोगों की फांसी दे रहा है और उसने इस साल के शुरुआती सात महीनों में कम से कम 419 लोगों को फांसी दी, जो 2022 की इसी अवधि की तुलना में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। गुतारेस ने ईरान में मानवाधिकार संबंधी स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की रिपोर्ट में कहा कि कथित रूप से ढीला हिजाब पहनने के कारण ईरानी नैतिकता पुलिस द्वारा गिरफ्तार की गई 22 वर्षीय महसा अमीनी की सितंबर 2022 में पुलिस हिरासत में मौत के बाद हुए देशव्यापी प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए सात लोगों को फांसी दी गई।

### भूटान नरेश आज से असम की तीन-दिवसीय यात्रा पर रहेंगे

**गुवाहाटी/भाषा।** भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक शुक्रवार से असम की तीन-दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। वांगचुक की यह यात्रा भूटान के किसी भी राजा की पहली असम यात्रा होगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वांगचुक यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे तथा यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल 'काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान' भी जाएंगे। 'भूटान इंडिया फ्रेंडशिप एसोसिएशन' के उपाध्यक्ष दाशो त्सेरिंग वांग्दा ने बृहस्पतिवार को कहा, ''इतिहास में अभी तक भूटान के किसी भी राजा द्वारा असम की आधिकारिक यात्रा नहीं की गई है।

### पाकिस्तान में 11 फरवरी को आम चुनाव

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि देश में आम चुनाव 11 फरवरी को होंगे। निर्वाचन आयोग की इस सूचना के बाद से देश में चुनाव को लेकर लंबे समय से जारी अनिश्चितता की स्थिति समाप्त हो गई। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के अधिवक्ता सजील स्वाति ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र निर्धारण की प्रक्रिया 29 जनवरी तक पूरी हो जाएगी,इससे चुनाव का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। उन्होंने यह बात तब कही जब उच्चतम न्यायालय ने उन याचिकाओं पर सुनवाई प्रारंभ की जिनमें नेशनल असेंबली और प्रांतीय विधानमंडलों के भंग होने के 90 दिन के भीतर चुनाव कराए जाने का अनुरोध किया गया था। समाचार पत्र 'डॉन' ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा, न्यायमूर्ति अमीन-उद-दीन खान और न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए), पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ तथा अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई की।

## लैंगिक समानता सभी तरह की समानताओं का सार : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लैंगिक समानता को सभी तरह की समानताओं का सार-तत्व करार देते हुए गुरुवार को कहा कि यदि लैंगिक समानता नहीं है तो समाज में कोई भी समानता नहीं हो सकती।

उपराष्ट्रपति ने आज यहां मिरांडा हाउस कॉलेज के प्लेटिनम जुबली समारोह में भारतीय संसद में महिलाओं की भूमिका विषय पर अपने संबोधन में कहा कि यह लैंगिक समानता सार-तत्व में होनी चाहिए, केवल रूप में नहीं, और इसकी अभिव्यक्ति जमीनी वास्तविकता के रूप में होनी चाहिए।

धनखड़ ने कहा, संसद में महिलाओं की भूमिका बहुत बड़ी है, और उनकी उपस्थिति अपने आप में विधानमंडलों के माहौल में उत्साह भर देंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाओं की भागीदारी से निश्चित रूप से नीतियों के निर्माण में शासन को मदद मिलेगी जिससे विभिन्न मुद्दों का समाधान होगा।नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने को इतिहास में एक युगांतकारी घटना बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा , यह एक महान घटनाक्रम है जो यह सुनिश्चित करेगा कि भारत 2047, जब राष्ट्र अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा, हम शिखर पर होंगे। उन्होंने कहा कि जब राज्यसभा ने महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा की तो उन्होंने उच्च सदन का नेतृत्व करने के लिए 17 महिला सांसदों का चयन किया।



## 'श्रीलंका में शीघ्र शुरू होगा यूपीआई का उपयोग'

**कोलंबो/वार्ता।** भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने श्रीलंका में शीघ्र ही यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग शुरू होने की आज यहां घोषणा करते हुये दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं और कनेक्टिविटी परियोजनाओं को गति दी जा रही है। श्रीमती सीतारमण ने भारतीय मूल तमिलों के श्रीलंका में 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम 'एनएएम 200' को संबोधित करते हुये कहा कि दोनों देशों के बीच नौका सेवा में उल्लेखनीय प्रगति हुयी है और अन्य क्षेत्रों में भी कनेक्टिविटी परियोजनाओं को गति दी जा रही है। इसी क्रम में श्रीलंका में शीघ्र ही यूपीआई की शुरूआत की जायेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय मूल के तमिलों जो यहां मलयाहा तमिल मक्कल नाम से जाने जाते हैं के योगदान को श्रीलंका हमेशा याद रखेगा। उन्होंने काह कि 1820 में अंग्रेज भारतीय मूल के तमिलों को कॉफी, चाय और रबर के बगान में काम करने के लिए लाये थे। तब से लेकर अब तक ये लोग श्रीलंका के विकास में लगे हुये हैं और इनकी भूमिका को श्रीलंका की सरकार ने भी स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय आवास परियोजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 हजार अतिरिक्त आवास की घोषणा की है जो तीसरे चरण के तहत निर्मित चार हजार आवासों से अलग है। तीसरे चरण में 3700 आवास बनकर तैयार होने के करीब और आज इस परियोजना के चौथे चरण के तहत 10 हजार आवास की आधारशिला रखी जा रही है जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के लिए विशेष है।

## 'एप्पल को भेजा गया नोटिस, शुरू हुई जांच'



**नई दिल्ली/भाषा।** सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने बृहस्पतिवार को कहा कि विपक्षी दलों के सांसदों ने एप्पल की ओर से उन्हें भेजे गए चेतावनी के संदेश का जो मुद्दा उठाया था उसकी जांच सरकार की साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन ने शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में कंपनी को नोटिस भी भेजा गया है। यह कदम इसलिए भी मायने रखता है क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने इस सप्ताह की शुरुआत में एप्पल के उपकरणों की सुरक्षा को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि सरकार चाहती है कि एप्पल यह स्पष्ट करे कि क्या उसके उत्पाद सुरक्षित है और 150 से अधिक देशों में लोगों को ''चेतावनी के संदेश'' क्यों भेजे गए,खासतौर पर तब जब कि कंपनी लगातार दावा करती है कि उसके उत्पाद निजता को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं।

## आरबीआई कार्यालयों में डाक के जरिए 2,000 रुपये के नोट भेज सकते हैं लोग

**नई दिल्ली/भाषा।** लोग अब अपने 2,000 रुपये के नोट अपने बैंक खातों में जमा कराने के लिए उन्हें बीमाकृत डाक के जरिए रिजर्व बैंक के निर्दिष्ट क्षेत्रीय कार्यालयों में भेज सकते हैं। यह उन लोगों के लिए एक आसान विकल्प है जो रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों से दूर रहते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के क्षेत्रीय निदेशक रोहित पी. ने कहा, '' हम ग्राहकों को सबसे सहज व सुरक्षित तरीके से उनके खाते में सीधे राशि जमा कराने के वास्ते बीमाकृत डाक के जरिए 2,000 रुपये के नोट आरबीआई को भेजने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह उन्हें निर्दिष्ट शाखाओं तक यात्रा करने और कतार में खड़े होने की परेशानियों से बचाएगा।''

## आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में आठवां आरोपी पुणे से गिरफ्तार

**मुंबई/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में आठवीं गिरफ्तारी की है। इसे प्रतिबंधित आतंकी समूह की गतिविधियों की जांच के क्रम में एक ''महत्वपूर्ण घटनाक्रम'' माना जा रहा है। जांच एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि संबंधित व्यक्ति की पहचान झारखंड के हज़ारीबाग़ निवासी मोहम्मद शाहनवाज आलम के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा, आलम विदेशी आतंकवादी संगठन की आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल था। आलम अपने दो सहयोगियों- मोहम्मद इमरान खान और मोहम्मद यूनुस साकी के साथ एक सक्रिय आईएसआईएस सदस्य था।

## लघु उद्योग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लघु उद्योगों को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए गुरुवार को कहा कि इनका राष्ट्र के विकास में बहुत बड़ा योगदान है।

सिंह ने कर्नाटक के बेंगलूरु में तीन दिवसीय 'इंडिया मैन्युफैक्चरिंग शो' का उद्घाटन किया। इस शो का लघु उद्योग भारती और आईएमएस फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजन किया गया है और रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय भी इसमें सहयोगी की भूमिका में है। इस आयोजन का केंद्रीय विषय 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' है।

रक्षा मंत्री ने उद्घाटन समारोह में उपस्थित उद्योग जगत की हस्तियों और युवा उद्यमियों को संबोधित करते हुए लघु उद्योगों को भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया और कहा कि इनका राष्ट्र के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। लघु उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था की मोटर है। मोटर जितनी तेज़ चलती है, अर्थव्यवस्था की गाड़ी भी उतनी ही तेज़ी से आगे बढ़ती है। उन्होंने अर्थव्यवस्था में स्थिरता को बनाए रखने के लिए छोटे उद्योगों को भी श्रेय दिया।

सिंह ने इन उद्योगों द्वारा देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योग ने बड़े उद्योगों की तुलना में रोजगार के अधिक अवसरों का सृजन किया है। ये समाज में धन का कहीं अधिक समान वितरण भी सुनिश्चित करते हैं। अनेक छोटी और सूक्ष्म इकाई निर्यात में अच्छा प्रदर्शन करके विश्व की सबसे बड़ी कंपनियों की वैश्विक आपूर्ति चेन का हिस्सा बन रही हैं। उन्होंने कहा कि भारी उद्योग भी राष्ट्र के विकास में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन छोटे उद्योगों को नजरअंदाज करके देश पूरी तरह प्रगति नहीं कर सकता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि जब भारत को 'सोने की चिड़िया' कहा जाता था उस समय गांवों और कस्बों में कई छोटे उद्योग थे, जो लोगों को रोजगार उपलब्ध कराते थे। उन्होंने कहा कि प्राचीनकाल में भारत में बड़े पैमाने के उद्योग नहीं थे, बल्कि छोटे उद्योग ही थे। कपड़ा, लोहा और जहाज निर्माण ही ऐसे तीन उद्योग थे, जिनके लिए भारत पूरी दुनिया में जाना जाता था। ये हमारी औद्योगिक क्षमता का प्रदर्शन भी करते थे।

इस अवसर पर संसद सदस्य सुधांशु त्रिवेदी और तेजस्वी सूर्या, भारत फोर्ज लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बाबा कल्याणी और एलएंडटी डिफेंस के कार्यकारी उपाध्यक्ष और प्रमुख अरुण रामचंदानी उपस्थित थे।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 03-11-2023 | 5:41 बजे |
| सूर्योदय 04-11-2023 | 6:03 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 64,080.90 | 19,133.25 |
| (+489.57) | (+144.10) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,375 रु. | 78,200 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### सिस्टम बना उपकरण

राजनीति में नेताओं के,
आते हैं अक्सर अवरोध।
कारण होता सुप्त ईर्ष्या,
या फिर होता है प्रतिशोध।
अपमानित होता है सिस्टम,
करे सभी दल इसका बोध।
बनता है कानून उपकरण,
जिससे आता सबको क्रोध।।



## भारत ने श्रीलंका को 302 रन से रौंदा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/वार्ता।** मोहम्मद शमी (18 रन पर पांच विकेट) और मोहम्मद सिराज ( 16 रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत भारत ने श्रीलंका को 302 रन से रौंद कर विश्व कप में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

वानखेड़े स्टेडियम पर भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुये आठ विकेट पर 357 रन बनाये जिसके जवाब में श्रीलंका की पूरी पारी ओवर के खेल में 55 रन पर सिमट गयी।

रनो के लिहाज से श्रीलंका की यह अब तक की यह दूसरी सबसे बड़ी हार है। श्रीलंका को इससे पहले जनवरी में भारत ने 317 रन से हराया था जो एक दिवसीय क्रिकेट इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी हार थी। मौजूदा विश्व कप में इससे पहले 25 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड्स को 309 रन से हराया था जिसके बाद श्रीलंका सबसे बड़े अंतर से हारने वाली टीम बनी है।

शुभमन गिल (92) और विराट कोहली (88) के बीच 189 रन की साझीदारी के बाद श्रेयस अय्यर (82) की आतिशी पारी की मदद से भारत ने श्रीलंका के खिलाफ आठ विकेट पर 357 रन का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में श्रीलंका की पारी ताश के पत्तों की तरह ढह गयी। श्रीलंका के आठ विकेट 29 रन पर गिर चुके थे मगर महेश थीक्षणा (12 नाबाद) और कसुन रजिथा (14) ने नौवें विकेट के लिये 20 रन जोड़ कर श्रीलंका को दुनिया में सबसे कम स्कोर करने और सबसे बड़े अंतर से हार झेलने वाली टीम बनने के दंश से बचा लिया।

## श्रीनगर में अल-बद्र आतंकवादी समूह के दो सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के शालातेंग इलाके से अल-बद्र संगठन के आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से हथियार व गोला-बारूद बरामद किया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वक्ता ने बताया कि शालातेंग पुल के समीप एक सुरक्षा जांच चौकी पर देर रात तलाशी के दौरान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अल-बद्र से जुड़े दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आतंकवादी सहयोगियों की पहचान यावर राशिद और बासित नबी के रूप में हुई है, जो उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के सदरबाला इलाके के रहने वाले हैं। प्रवक्ता ने बताया कि तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक पिस्तौल, दो मैगजीन, 28 गोलियां और एक हथगोला सहित आपत्तिजनक चीजें बरामद की गई हैं। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## चुनावी बांड पर सुनवाई पूरी, सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** उच्चतम न्यायालय ने राजनीतिक दलों के चंदे से संबंधित चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी होने के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने तीन दिनों तक चली सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखने का निर्णय करने से पहले चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह 30 सितंबर 2023 तक राजनीतिक दलों को मिले चंदे का आंकड़ा अदालत के समक्ष उपलब्ध कराये।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा ने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग को 30 सितंबर 2023 को समाप्त होने वाली अवधि तक अप्रैल 2019 में शीर्ष अदालत द्वारा पारित आदेश के अनुसार आंकड़ा पेश करना है।

पीठ ने सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि केंद्र कुछ ऐसी प्रणाली तैयार कर सकता है, जिसमें वर्तमान प्रणाली की खामियां न हों।

शीर्ष अदालत ने कहा कि जनवरी 2018 में शुरू की गई चुनावी बांड योजना ने चुनावी प्रक्रिया में नकदी को कम कर दिया, अधिकृत बैंकिंग माध्यमों के उपयोग को प्रोत्साहित किया, लेकिन पारदर्शिता की आवश्यकता थी।

शीर्ष अदालत ने कहा, 12 अप्रैल 2019 को इस अदालत द्वारा चुनाव आयोग को एक अंतरिम निर्देश जारी किया गया था। ईसीआई ने अप्रैल 2019 के अंतरिम आदेश के अनुसार एक सीलबंद पैकेट में आंकड़ा पेश किया था। इस अदालत का आदेश उस तारीख तक सीमित नहीं था, जिस दिन इसे सुनाया गया था। यदि कोई अस्पष्टता थी तो ईसीआई के लिए इस अदालत से स्पष्टीकरण मांगना आवश्यक था। किसी भी स्थिति में अब हम ईसीआई को 30 सितंबर 2023 तक अद्यतन आंकड़ा तैयार करने का निर्देश देते हैं...यह अभ्यास दो सप्ताह की अवधि के भीतर किया जाना चाहिए।

पीठ ने अपने आदेश में कहा, 'सीलबंद पैकेट में आंकड़ा इस अदालत के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को सौंपा जाना चाहिए।' सुनवाई के दौरान पीठ ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वकील अमित शर्मा से पूछा कि आदेश के बावजूद 2019 के बाद कोई आंकड़ा जमा क्यों नहीं किया गया और आयोग को आंकड़ा एकत्र करना जारी रखना होगा।



# तेलंगाना में विकास जारी रखने के लिए बीआरएस का जीतना जरूरी : राव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर राज्य में विकास की गति को बनाए रखना है तो उनकी पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव जीतना चाहिए।

चंद्रशेखर राव ने निर्मल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य ने 2014 के बाद तेजी से प्रगति की है। उन्होंने रेखांकित किया कि बीआरएस शासनकाल में राज्य में कोई सांप्रदायिक गड़बड़ी नहीं हुई, जिसके कारण कभी भी कर्फ्यू लगाने की जरूरत नहीं पड़ी।

राव ने विपक्ष का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद एन उत्तम कुमार रेड्डी को किसानों के लिए 'रायथु बंधु' निवेश सहायता योजना बेकार का खर्चा नजर आती है वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी को लगता है कि तीन घंटे की मुफ्त बिजली खेती के लिए पर्याप्त है, जबकि उनकी सरकार द्वारा 24 घंटे की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा, अगर कांग्रेस गलती से भी जीत जाती है, तो मैं कह रहा हूं क्योंकि यह कहना मेरी जिम्मेदारी है, रायथु बंधु योजना में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है, उन्हें अच्छा नहीं लगता कि 24 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। उन्हें किसानों के खातों में पैसा जमा कराया जाना पसंद नहीं है। एक बार फिर बिचौलिये आ जायेंगे।''

उन्होंने कहा, अगर बीआरएस जीतती है, तो यह विकास जारी रहेगा। उन्होंने एक बार फिर कहा कि जब तक वह जीवित हैं, तेलंगाना धर्मनिरपेक्ष राज्य बना रहेगा।

# कम बिजली खपत वाले एक करोड़ पंखे, 20 लाख इंडक्शन चूल्हे वितरित करेगी ईईएसएल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने बृहस्पतिवार को ऊर्जा बचत के दो कार्यक्रमों की शुरूआत की। सार्वजनिक क्षेत्र की ईईएसएल इन कार्यक्रमों के तहत कम बिजली खपत करने वाले एक करोड़ पंखे और 20 लाख बिजली से चलने वाले चूल्हे वितरित करेगी। बिजली मंत्रालय के तहत आने वाले उपक्रमों की संयुक्त उद्यम कंपनी ईईएसएल ने बृहस्पतिवार को ऊर्जा बचत में मददगार राष्ट्रीय दक्ष कूकिंग कार्यक्रम (एनईसीपी) और ऊर्जा दक्ष पंखा कार्यक्रम (ईईएफपी) पेश किये।




एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) इन कार्यक्रमों के तहत देशभर में कम बिजली खपत करने वाला एक करोड़ कुशल बीएलडीसी (ब्रश-लेस डायरेक्ट करंट) पंखे और 20 लाख ऊर्जा-दक्ष इंडक्शन चूल्हे वितरित करेगी। ये चूल्हे पारंपरिक तरीके से खाना पकाने की तुलना में 25-30 प्रतिशत की बचत करने में मददगार होंगे। इससे एक तरफ जहां बिजली की बचत होगी, वहीं दूसरी तरफ खाना पकाने की लागत भी कम होगी। ईईएसएल की इस पहल का मकसद खाना पकाने के तरीकों को पर्यावरण अनुकूल बनाना और नागरिकों के लिये स्वच्छ हवा और बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने इंडक्शन चूल्हे के बड़े पैमाने पर उपयोग के लिये मॉडर्न एनर्जी कुकिंग सर्विसेज (एमईसीएस) के साथ साझेदारी भी की है। इससे देश में रसोई घरों में खाना पकाने के आधुनिक इलेक्ट्रिक उपकरणों की स्वीकार्यता में तेजी आने की उम्मीद है। इसके अलावा, कम बिजली खपत वाले छत वाले पंखे न केवल ऊर्जा की खपत और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करेंगे, बल्कि बिजली के बिल को कम करने में भी मददगार होंगे।

इस अवसर पर, सिंह ने कहा कि ईईएसएल देश में ऊर्जा बदलाव की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कंपनी वैश्विक स्तर की योजनाओं को पेश करने के लिए बीईई (ऊर्जा दक्षता ब्यूरो) के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इन उपायों से कार्बन उत्सर्जन में 4.5 करोड़ टन की उल्लेखनीय कमी आई है और 12,000 मेगावाट की बिजली मांग को रोकने में मदद मिली है।

ईईएसएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विशाल कपूर ने कहा, ''हमारा लक्ष्य सिर्फ पंखे बेचना नहीं है, बल्कि ऊर्जा-कुशल बीएलडीसी पंखों को बढ़ावा देकर बाजार में बदलाव लाना है...।''

## अडाणी एंटरप्राइजेज का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ हुआ आधा

**नई दिल्ली/भाषा।** अडाणी समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही का शुद्ध लाभ आधा हो गया है। खनन कारोबार का घाटा और परिचालन खर्च बढ़ने से कंपनी का मुनाफा घटा है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी।

अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का जुलाई-सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 50.5 प्रतिशत घटकर 222.82 करोड़ रुपये रहा है। पिछले साल की समान तिमाही यह 460.94 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी का परिचालन खर्च आठ प्रतिशत बढ़ा है। जुलाई-सितंबर, 2022 में वाणिज्यिक खनन से कंपनी को 132.22 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। यह घाटा चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बढ़कर करीब 340 करोड़ रुपये हो गया है। एईएल के नई ऊर्जा तथा हवाई अड्डा कारोबार के राजस्व और कर-पूर्व मुनाफे में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

## पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार को मुख्यमंत्री बनाने के वादे पर राहुल का तंज इस वर्ग का अपमान : किशन रेड्डी

**हैदराबाद/भाषा।** केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा है कि पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार को तेलंगाना का मुख्यमंत्री बनाने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वादे पर राहुल गांधी का तंज अहंकारपूर्ण और इस वर्ग के लोगों का अपमान है। उन्होंने कहा कि पिछड़ी जाति के नेता को मुख्यमंत्री बनाने के भाजपा के नारे का मजाक उड़ाना सिर्फ पार्टी की आलोचना ही नहीं है बल्कि यह पिछड़े वर्ग से संबंध रखने वाले लोगों की आकांक्षाओं का अपमान है जो अपनी आजीविका चलाने के लिए कठिन मेहनत करते हैं।''

भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष रेड्डी ने कहा कि भाजपा पिछड़ी जाति के लोगों की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में काम करती है जो तेलंगाना की कुल आबादी का 55 प्रतिशत हैं।

रेड्डी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, ''राहुल गांधी श्री नरेन्द्र मोदी जी को स्वीकार नहीं पा रहे हैं जो कि पिछड़ी जाति से आते हैं और प्रधानमंत्री पद पर हैं। राहुल, सत्ता में आने पर पिछड़ी जाति के व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाने की भाजपा की घोषणा को पचा नहीं पा रहे हैं।''



# तेलंगाना : बीआरएस विधायक राठौड़ बापू राव भाजपा में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना में निर्वतमान विधानसभा में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक राठौड़ बापू राव और कांग्रेस नेता सी. कृष्ण रेड्डी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। कृष्ण रेड्डी और बोथ से विधायक बापू राव तथा येल्लारेड्डी निर्वाचन क्षेत्र से कुछ नेता बुधवार को दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए।

भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर लिखा, ''पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने माननीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इन नए लोगों के शामिल होने से संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी को मजबूती मिलेगी।''

बापू राव को सत्तारूढ़ बीआरएस ने 30 नवंबर को होने वाला विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट देने से इनकार कर दिया था जबकि कृष्णा रेड्डी मुनुगोडे विधानसभा सीट से कांग्रेस का टिकट चाहते थे। कांग्रेस ने पूर्व विधायक कोमाटिरेड्डी राज गोपाल रेड्डी को मुनुगोडे से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। राज गोपाल रेड्डी हाल में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में चले गए थे। उनके इस्तीफे के कारण पिछले साल मुनुगोडे में उपचुनाव हुआ था।

# नियामकों के प्रशिक्षण के लिये संस्थान समय की जरूरत: राव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने विभिन्न क्षेत्रों के नियामकों को प्रशिक्षित करने के लिये अलग से एक संस्थान बनाने की जरूरत बतायी।

राव ने यह भी कहा कि प्रशिक्षण और कौशल पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। साथ ही जो भी कायदे-कानून हों, नियमन हों, उन्हें दूरदर्शी होना चाहिए। इसके लिये अच्छे से प्रारूप तैयार करने की जरूरत है और वास्तव में यह एक कला है। उन्होंने यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''मुझे लगता है... हमें कायदे-कानून, नियमन बनाने के लिये सैद्धांतिक ढांचे और प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण पहलू पर ध्यान देना चाहिए। इसमें सभी क्षेत्रों को शामिल करना चाहिए। संभवत: इस मुद्दे को देखने के लिए एक प्रशिक्षण संस्थान की आवश्यकता है। राव ने कहा कि देश में विभिन्न क्षेत्रों में नियामकों की संख्या बढ़ रही है और इसीलिए विनियमन के लिये सैद्धांतिक दृष्टिकोण का अध्ययन करने की आवश्यकता है। इसमें इस बात को समझना शामिल है कि किन परिस्थितियों में किस प्रकार के विनियमन को प्राथमिकता दी जाती है। डिप्टी गवर्नर ने यह साफ किया कि वह खुद को केवल आरबीआई तक ही सीमित नहीं रख रहे हैं। नियामकों के प्रशिक्षण की आवश्यकता सभी क्षेत्रों में है। राव ने कहा कि डिजिटल व्यक्तिगत आंकड़ा संरक्षण अधिनियम, 2023 व्यक्ति के अधिकारों की सुरक्षा और व्यक्तिगत जानकारी के रखरखाव को लेकर जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने बैंकों और वित्तीय संस्थानों से नये कानून का अनुपालन करने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा।

## कर्नाटक की तरह पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी नहीं चलेगी भाजपा की धर्म की राजनीति : जैन



**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर बृहस्पतिवार को निशाना साधते हुए कहा कि कर्नाटक की तरह मध्यप्रदेश समेत पांच राज्यों के मौजूदा विधानसभा चुनावों में भी इस दल की धर्म की राजनीति नहीं चलेगी। जैन ने यह बात ऐसे वक्त कही, जब भाजपा ने अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के चित्र और नारे वाले होर्डिंग मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनावों के प्रचार अभियान के तहत लगाए हैं और पार्टी के बड़े नेता अपने चुनावी भाषणों में मंदिर का लगातार जिक्र कर रहे हैं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जैन ने इंदौर में कहा कि भाजपा ने कर्नाटक के पिछले विधानसभा चुनावों में धर्म की राजनीति की थी जिसमें वह बुरी तरह नाकाम रही और पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी इस पार्टी की धर्म की राजनीति नहीं चलेगी। उन्होंने कहा,''मध्यप्रदेश समेत पांच राज्यों में जनता के आशीर्वाद से कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भी भाजपा की दुर्दशा होने वाली है।'' राम मंदिर मुद्दे को भाजपा द्वारा मप्र विस चुनावों में भुनाने की कोशिश पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा,''देखिए, ये वे पापी हैं जिन्हें अपने मुंह से भगवान श्री राम का नाम नहीं लेना चाहिए। आप इनका इतिहास देखिए, ये लोग गोडसे की मूर्ति लगवाने लोगों को महिमामंडित करते हैं।'' उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने भगवान राम का नाम दुनिया भर में पहुंचाया और मरते वक्त भी उनके मुंह से ''हे राम'' शब्द निकले।

## टाटा मोटर्स को दूसरी तिमाही में 3,783 करोड़ रु. का शुद्ध मुनाफा

**नई दिल्ली/भाषा।** टाटा मोटर्स का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 3,783 करोड़ रुपये रहा है। यह लगातार चौथी तिमाही रही है जबकि कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। अपनी ब्रिटिश इकाई जगुआर लैंड रोवर के मजबूत प्रदर्शन से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। मुंबई की इस वाहन कंपनी को पिछले साल समान तिमाही 1,004 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ था।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय 1,05,128 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले समान तिमाही में 79,611 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने एकल आधार पर दूसरी तिमाही में 1,270 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसे 293 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) ने दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत अधिक 6.9 अरब पाउंड का राजस्व दर्ज किया। उच्च थोक बिक्री, लागत में कटौती और मांग सृजन में निवेश के दम पर कंपनी की आमदनी बढ़ी है। टाटा मोटर्स समूह के मुख्य वित्त अधिकारी पी. बी. बालाजी ने कहा, ''यह देखकर खुशी हो रही है कि इस तिमाही में सभी व्यवसाय अपनी अलग-अलग योजनाओं को पूरा कर रहे हैं..''



## व्हाट्सएप ने सितंबर में 71.1 लाख भारतीय खातों पर प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली/भाषा।** मेटा के स्वामित्व वाली व्हाट्सएप ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों का अनुपालन करते हुए सितंबर में 71.1 लाख खातों पर प्रतिबंध लगाया है। लोकप्रिय संदेश ऐप द्वारा जारी भारत की मासिक रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से 25.7 लाख खातों को उपयोगकर्ताओं की किसी भी रिपोर्ट से पहले सक्रिय रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया। भारतीय खातों की पहचान देश के कोड '+91' से की जाती है।

रिपोर्ट के अनुसार, '' एक से 30 सितंबर, 2023 के बीच 71,11,000 व्हाट्सएप खातों पर प्रतिबंध लगा दिया गया।'' ''उपयोगकर्ता-सुरक्षा रिपोर्ट''' में उपयोगकर्ताओं की शिकायतों तथा व्हाट्सएप द्वारा की गई कार्रवाई के साथ-साथ मंच पर दुरुपयोग से निपटने के लिए व्हाट्सएप की स्वयं की निवारक कार्रवाइयों का विवरण शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, एक से 30 सितंबर के बीच मंच को शिकायत अपीलीय समिति से छह आदेश प्राप्त हुए और सभी का अनुपालन किया गया। व्हाट्सएप ने अगस्त में 74 लाख खातों पर प्रतिबंध लगाया था और उनमें से 35 लाख खातों को सक्रिय रूप से प्रतिबंधित किया गया था। व्हाट्सएप की ताजा रिपोर्ट में कहा गया कि उसे खाता समर्थन (1,031), प्रतिबंध अपील (7,396), अन्य समर्थन (1,518), उत्पाद समर्थन (370) और अन्य क्षेत्रों में 10,442 उपयोगकर्ताओं की रिपोर्ट मिली। इस अवधि में रिपोर्ट के आधार पर 85 खातों पर कार्रवाई की गई। व्हाट्सएप के अनुसार, ''अकाउंट्स एक्शनड'' उन रिपोर्ट को दर्शाता है जहां उसने उक्त रिपोर्ट के आधार पर उपचारात्मक कार्रवाई की।

## आयकर विभाग ने तेलंगाना में कांग्रेस उम्मीदवार लक्ष्मा रेड्डी के आवास पर तलाशी ली

**हैदराबाद/भाषा।** आयकर विभाग (आईटी) के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को हैदराबाद में कांग्रेस के नेता के. लक्ष्मा रेड्डी के आवास पर तलाशी ली। सूत्रों ने यह जानकारी दी। रेड्डी, 30 नवंबर को राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए महेश्वरम सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार हैं। आयकर विभाग और निर्वाचन आयोग (ईसी) के अधिकारी लक्ष्मा रेड्डी के आवास पर संयुक्त रूप से तलाशी ले रहे हैं। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के आधिकारिक प्रवक्ता गौरी सतीश ने राज्य की सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर कांग्रेस के उम्मीदवार के घर आईटी और ईसी की छापेमारी कराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीआरएस और भाजपा के बीच सांठगांठ है और वे इस तरह के कृत्यों से कांग्रेस उम्मीदवारों का मनोबल गिराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, बीआरएस और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों साजिश रच रहे हैं कि कांग्रेस को कैसे नियंत्रित किया जाए।

# मंत्रियों से मुलाकात के बाद मराठा आरक्षण कार्यकर्ता जरांगे ने अनशन समाप्त किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने बृहस्पतिवार को मंत्रियों से मुलाकात के बाद अपना अनशन समाप्त कर दिया और सरकार से दो महीने के भीतर मुद्दा सुलझाने को कहा। साथ ही जरांगे ने कहा कि जब तक सभी मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता, वह तब तक अपने घर में प्रवेश नहीं करेंगे। इससे पहले एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान जरांगे ने मांग की कि मराठों को आरक्षण पूरे महाराष्ट्र में दिया जाना चाहिए।

उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों संदीप शिंदे, न्यायमूर्ति एम जी गायकवाड़ और अधिकारियों सहित अन्य लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जरांगे से उनके गांव में मुलाकात की थी। सत्तारूढ़ गठबंधन का समर्थन करने वाले विधायक बच्चू कडू भी इस मौके पर मौजूद थे। जरांगे मराठा आरक्षण की मांग को लेकर जालना जिले के अपने गांव अंतरवाली सरती में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर थे। जरांगे ने बुधवार शाम को कहा था कि वह अब से पानी भी नहीं पीएंगे, हालांकि इससे पहले दिन में एक सर्वदलीय बैठक में आरक्षण की मांग का समर्थन करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया था और उनसे अनशन समाप्त करने की अपील की गई थी। प्रतिनिधिमंडल के साथ मीडिया के सामने हुई चर्चा के दौरान जरांगे ने मांग की कि सरकार को मराठा समुदाय के आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन के सर्वेक्षण के लिए पर्याप्त धन मुहैया कराना चाहिए और इसके लिए कई टीम लगानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र देने वाला एक सरकारी आदेश पारित किया जाना चाहिए और 'पूरे' (महाराष्ट्र) शब्द को शामिल किया जाना चाहिए।

# मर्सिडीज बेंज 2023 में रिकॉर्ड बिक्री की ओर अग्रसर, दो नए मॉडल उतारे




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी मर्सिडीज बेंज इस साल भी बिक्री का नया रिकॉर्ड बनाने की ओर अग्रसर है। कंपनी की भारतीय इकाई के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने बृहस्पतिवार को कहा कि आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बावजूद कंपनी 2024 में भी इसी गति को कायम रखने के प्रति आश्वस्त है।

कंपनी ने बृहस्पतिवार को दो नए उत्पाद- स्पोर्ट्स यूटीलिटी व्हीकल (एसयूवी) जीएलई और एएमजी सी 43 पेश किए। एसयूवी जीएलई की कीमत 96.4 लाख रुपये से 1.15 करोड़ रुपये तक है तो एएमजी सी 43 की कीमत 98 लाख रुपये से शुरू होती है। इसके साथ ही कंपनी ने 2023 में बाजार में 10 उत्पाद उतारने की योजना को पूरा कर लिया है।

अय्यर ने यहां इन मॉडल को पेश किए जाने के मौके पर पीटीआई-भाषा से अलग से बातचीत में कहा, कुल मिलाकर हां, हमारे लिए उपलब्धि वाला एक और साल। हमारे पास अब भी दो महीने हैं लेकिन इस स्तर पर मांग के नजरिये से (यह) मजबूत है। आपूर्ति के मामले में हमें यहां से सुधार करना होगा और इसके साथ ही हमें वर्ष का समापन उच्चस्तर पर करना चाहिए।

वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या कंपनी 2022 में 15,822 इकाइयों की नई ऊंचाई देखने के बाद 2023 में एक और रिकॉर्ड बिक्री के लिए तैयार है। जनवरी-सितंबर, 2023 के दौरान कंपनी ने सालाना आधार पर 11 प्रतिशत वृद्धि के साथ 12,768 इकाइयां बेची हैं।

# आचार समिति की कार्यवाही के बारे में गलत विमर्श बनाने की कोशिश रहीं महुआ मोइत्रा : निशिकांत दुबे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने लोकसभा की आचार समिति की कार्यवाही के बारे में गलत विमर्श बनाने की कोशिश की। मोइत्रा पर लोकसभा में 'रिश्वत लेकर सवाल' पूछने का आरोप है।

दुबे की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कुछ घंटे पहले आचार समिति के विपक्षी सदस्य मोइत्रा के साथ बैठक से बाहर चले गए और समिति के अध्यक्ष पर तृणमूल नेता से व्यक्तिगत और अनैतिक सवाल पूछने का आरोप लगाया। दुबे ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि समिति कारोबारी दर्शन हीरानंदानी द्वारा दायर हलफनामे पर मोइत्रा से पूछताछ करने के लिए बाध्य है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्ष इस तथ्य से परेशान है कि समिति का नेतृत्व एक ओबीसी सदस्य कर रहा है। दुबे ने कहा, ''वे इस तथ्य को पचा नहीं पा रहे हैं।'' भाजपा नेता ने यह भी दावा किया कि उनके और अन्य द्वारा आचार समिति को मुहैया कराए गए सभी सबूतों के बाद 'कोई ताकत' मोइत्रा को नहीं बचा सकती।

मोइत्रा पर आरोप है कि उन्होंने हीरानंदानी के इशारे पर सवाल पूछे और दुबई में रहने वाले एक जाने-माने कारोबारी परिवार के वंशज से रिश्वत ली। दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को 15 अक्टूबर को लिखे एक पत्र में आरोप लगाया था कि मोइत्रा द्वारा लोकसभा में हाल के दिनों तक पूछे गये 61 प्रश्नों में से 50 प्रश्न अडाणी समूह पर केंद्रित थे। उन्होंने शिकायत में कहा है कि किसी समय मोइत्रा के करीबी रहे देहाद्रई ने मोइत्रा और कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के बीच अडाणी समूह तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधने के लिए रिश्वत के लेनदेन के ऐसे साक्ष्य साझा किये हैं जिन्हें खारिज नहीं किया जा सकता। दुबे की शिकायत को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आचार समिति के पास भेज दिया था।

## जीवाश्म ईंधन का उत्पादन बढ़ने से कोयला क्षेत्र में भारी वृद्धि: सरकार

**नई दिल्ली/भाषा।** सितंबर के दौरान जीवाश्म ईंधन का उत्पादन बढ़ने से कोयला क्षेत्र में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सितंबर, 2023 में कोयले का उत्पादन बढ़कर 6.72 करोड़ टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 5.80 करोड़ टन था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा सितंबर, 2023 के लिए जारी आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक के अनुसार, कोयला क्षेत्र का सूचकांक सालाना आधार पर 16.1 प्रतिशत वृद्धि के साथ 148.1 अंक पर पहुंच गया है। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि अगस्त, 2023 को छोड़कर यह पिछले 14 महीने की सर्वाधिक वृद्धि है। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि आठ प्रमुख उद्योगों के संयुक्त सूचकांक में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में सितंबर, 2023 में 8.1% (अस्थायी) की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

# पूरे देश में भाजपा विरोधी लहर : स्टालिन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम के स्टालिन ने विपक्षी गठबंधन इंडिया' की शानदार जीत का विश्वास जताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले शासन के खिलाफ देशव्यापी 'लहर' है।

स्टालिन ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आवश्यक तैयारियों के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को लिखे एक पत्र में कहा कि द्रमुक को न केवल तमिलनाडु बल्कि 'भारत' की रक्षा करने की जिम्मेदारी भी निभानी है। उन्होंने कहा कि द्रमुक की कड़ी मेहनत न केवल अपनी जीत के लिए है बल्कि देश के लोगों की 'मुक्ति' के लिए है, उन्हें उस भाजपा से बचाने के लिए है जिस पर कैग रिपोर्ट में '7.5 लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार' का 'आरोप' लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर प्रचार करने के साथ ही राज्य के मुख्य विपक्षी अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) और भाजपा के बीच 'अपवित्र गठबंधन' को उजागर करना चाहिए।

स्टालिन ने अपना यह आरोप दोहराया कि अन्नाद्रमुक ने भाजपा के साथ अपना गठबंधन तोड़ने का दिखावा किया है। द्रमुक प्रमुख स्टालिन ने कहा कि 2022 में वह 'सभी चालीस (तमिलनाडु में लोकसभा की 39 सीटें और पुडुचेरी में एक सीट) हमारा है और देश भी हमारा है' का नारा लेकर आए और तदनुसार, रणनीतियों को दुरुस्त किया गया है।''

उन्होंने कहा, '''आज, पूरे भारत में भाजपा विरोधी लहर है। आगामी लोकसभा चुनाव में, भारत हमारा होगा।''

उन्होंने कहा कि विपक्षी ''गठबंधन इंडिया' के सहयोगियों के साथ मिलकर काम करने से, गठबंधन को एक बड़ी जीत मिलने की उम्मीद है और पार्टी कार्यकर्ताओं को एक शानदार जीत के लिए मतदान केंद्रों के स्तर पर उत्साह के साथ काम करना चाहिए।

उन्होंने इस उद्देश्य के लिए जमीनी स्तर पर पार्टी पदाधिकारियों और बूथ समितियों के सदस्यों से एकजुट होकर काम करने का आग्रह किया और पर्यवेक्षकों को सप्ताह में कम से कम एक बार समीक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी। स्टालिन ने कहा कि वह चाहते है कि वे महिलाओं के लिए 1,000 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता सहित विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता उत्पन्न करें। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रमुख के तौर पर वह सभी पदाधिकारियों के कामकाज पर नजर रखेंगे, साथ ही, वह सभी निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी परिदृश्य का मूल्यांकन करेंगे।

उन्होंने कहा कि द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन के नेतृत्व में पार्टी के युवा, छात्र और चिकित्सा इकाइयों को एक साथ लाने के बाद नीट' के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान को लोगों की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अभियान के समर्थन में छात्र समुदाय और लोगों के हस्ताक्षर लेने का आग्रह किया।

द्रमुक प्रमुख स्टालिन ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे राज्य के अधिकारों को फिर से हासिल करने के उद्देश्य से 17 दिसंबर को सलेम में आयोजित युवा इकाई के प्रदेश सम्मेलन की सफलता के लिए काम करें।



## मद्रास उच्च न्यायालय ने राज्य को वित्तीय नुकसान पहुंचाने के लिए अन्नाद्रमुक के पूर्व मंत्री पर डीवीएसी रिपोर्ट मांगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने अन्नाद्रमुक सरकार में खाद्य मंत्री रहे आर. कामराज के खिलाफ कथित रूप से लगे आरोपों की जांच पर सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) से 15 नवंबर तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। पिछले अन्नाद्रमुक शासन में आवश्यक वस्तुओं की खरीद में राज्य के खजाने को लगभग 350 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।


अन्नाद्रमुक के पूर्व सदस्य वी. पुगलेंधी ने उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की, जिसमें उन्होंने पूर्व मंत्री के खिलाफ 2018 में शिकायत दर्ज करने के बावजूद जांच में ढ़िलाई बरतने का आरोप लगाया और जांच एजेंसी को यह निर्देश देने की मांग की गई कि जांच समयबद्ध रूप से पूरा होना चाहिए, न्यायमूर्ति एडी जगदीश चंदीरा ने सरकारी वकील को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि डीवीएसी रिपोर्ट 15 नवंबर तक अदालत के समक्ष पेश किया जाना चाहिए।

याचिका में यह दलील दिया गया कि अन्नाद्रमुक की पूर्व नेता और मुख्यमंत्री जयललिता ने कुछ दुष्प्रभावों का हवाला देते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए मसूर दाल की खरीद पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन दिसंबर 2016 में उनकी मृत्यु होने के बाद और के.पलानीस्वामी मंत्रालय में खाद्य मंत्री रहते हुए श्री कामराज ने इसकी खरीद की सिफारिश की थी।

यह दावा करते हुए कि एक चुनिंदा ठेकेदार से ज्यादा कीमत पर दाल खरीदी गई थी, उन्होंने आरोप लगाया कि पाम तेल और अन्य वस्तुओं की खरीद में भी अनियमितताएं हुईं, जिससे राजकोष को भारी नुकसान हुआ और मंत्री और अन्य लोगों को गैरकानूनी लाभ प्राप्त हुआ। यह कहते हुए कि 2018 में उन्होंने इसकी शिकायत की थी लेकिन तत्कालीन अन्नाद्रमुक सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। याचिकाकर्ता ने कहा कि मई 2021 में द्रमुक के सत्ता में आने के बाद उन्हें 09 मार्च, 2022 को डीवीएसी से जवाब प्राप्त हुआ था कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

न्यायमूर्ति चंदीरा ने जब जांच की धीमी गति का कारण पूछा तो सरकारी वकील ने कहा कि डीवीएसी को इसी तरह की तीन शिकायतें मिली हैं और एजेंसी ने विस्तृत जांच शुरू करने से पहले प्रारंभिक जांच की है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर अत्यधिक निविदा दस्तावेजों की जांच करने की आवश्यकता है और डीवीएसी ने अब तक तमिलनाडु नागरिक आपूर्ति निगम के 15 अधिकारियों से पूछताछ की है। दलीलें दर्ज करने के बाद न्यायाधीश ने डीवीएसी को 15 नवंबर तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई 15 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी।

## रेला हॉस्पिटल ने रोबोटिक सर्जरी कर व्यक्ति को दिया नया जीवन




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** यहां के प्रमुख अस्पतालों में से एक रेला अस्पताल ने एक जटिल रोबोटिक सर्जरी जिसे ईलियो सिप्टोप्लास्टी कहा जाता है करके मूत्र विकार से पीड़ित एक मरीज के छोटी आंत को मूत्राशय जैसी थैली बनाने के लिए न केवल प्रयोग किया है बल्कि इसे बनाया भी है। इस नए शल्य प्रक्रिया के माध्यम से अपेंडिक्स का उपयोग करके मरीज मूत्र को शरीर से बाहर आसानी से निकाल सकेगा।

रेला अस्पताल में दस घंटे से अधिक चले इस जटिल सर्जरी के पहले चालीस वर्ष के कालेज प्रवक्ता पिछले दस वर्षों से अधिक समय तक मूत्र कैथेटर पर निर्भर थे। इस सर्जरी के उपरांत अब उन्हें नया जीवनदान मिल गया है क्योंकि उनका मूत्राशय 50 से 70 मिलीलीटर से अधिक मूत्र को रोकने में अक्षम था जिसके कारण उनकी दोनों किडिनियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। मरीज के बारे में बताते हुए रेला हॉस्पिटल के एसोसिएट कंसलटेंट रोबोटिक सर्जरी डॉ. वसंतराज रामास्वामी ने कहा कि मरीज को हायपोस्पेडियाक यूरेथ्रल मीट्स नामक एक जन्मजात बीमारी थी। उन्होंने बताया कि इस बीमारी में मूत्र मार्ग की वह नली जिसके माध्यम से मूत्र मूत्राशय से बाहर निकलता है वह अंदर से छोटी और गहरी हो जाती है इस असामान्य मूत्र दोष के कारण जो नलिकाएं गुर्दो को मूत्राशय से जोड़ती है वह ठीक से काम नहीं कर पाती ऐसी स्थिति में मरीज को बार-बार किडनी और मूत्र का संक्रमण होता है बार-बार संक्रमण होने के कारण तथा उच्च दबाव से पेशाब करने के कारण मरीज का मूत्राशय सिकुड़ कर संतरे के आकार का हो गया था उन्होंने बताया कि किडनी से निकला मूत्र मूत्राशय में संग्रहित नहीं हो पाता जिसके कारण मरीज पिछले दस वर्षों से मूत्र नली का उपयोग कर रहा था। डॉ. वसंत राज रामास्वामी ने बताया की अस्पताल द्वारा मरीज का व्यापक मूल्यांकन करने के उपरांत पता चला कि उसके मूत्राशय की कुल क्षमता पचास मिलीलीटर थी उसकी दोनों किडनियां पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल के विभिन्न विभागों के स्पेशलिस्ट डॉक्टरो की टीम ने मरीज के निश्चित उपचार योजना बनाने के लिए तीन महीने से अधिक समय लगाया। योजना अनुसार मरीज का रोबोटिक ऑग्मेंटेशन ईलियो सिप्टोप्लास्टी करने का फैसला किया गया जिसमें छोटी आंत के एक हिस्से को हटाकर मूत्र के भंडारण के लिए इसे मूत्राशय से जोड़ दिया जाता है यह पेट पर एक नई ट्यूब बनाने की तकनीक है इस नई ट्यूब का प्रयोग करके मरीज मूत्र विसर्जन अच्छे तरीके से कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बहुत चुनौती पूर्ण था परंतु यह सफल रहा। इस जटिल प्रक्रियाओं के बाद रोगी को मूत्र कैथेटर से मुक्त कर दिया गया है इस परिवर्तन से मरीज को वास्तव में न केवल जीवनदान मिला है बल्कि उसके जीवन गुणवत्ता में सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि पूरी प्रक्रिया रोबोटिक रूप से की गई है जिसमें पेट में लंबे चीरे की आवश्यकता नहीं के बराबर थी। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में पेट के विभिन्न हिस्सों में केवल चार छोटे 8 मिमी चीरो का ही उपयोग किया गया है।

## उच्च शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का बहिष्कार किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड मुनेत्र कषम ( द्रमुक) और राजभवन के बीच कई मुद्दों पर टकराव के बीच राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री के. पोनमुडी ने गुरुवार को राज्य के स्वामित्व वाले मदुरै कामराज विश्वविद्यालय के 55वें दीक्षांत समारोह का बहिष्कार किया।

राज्यपाल आरएन रवि ने स्वतंत्रता सेनानी एवं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ( माकपा) के अनुभवी नेता एन. शंकरैया को डॉक्टरेट की मानद उपाधि देने के विश्वविद्यालय के प्रस्ताव पर अपनी सहमति देने से इनकार कर दिया था।

मंत्री ने कहा कि राज्यपाल, जो कि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं, ने सीनेट और एमकेयू के सिंडिकेट द्वारा 102 वर्षीय श्री शंकरैया को मानद डॉक्टरेट की उपाधि देने के लिए दो बार प्रस्ताव पारित किया लेकिन इसके बावजूद राज्यपाल ने इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति देने से इनकार कर दिया।

मंत्री ने कहा कि उन्होंने राज्यपाल से मंजूरी प्रदान करने के लिए दो बार अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि एमकेयू के कुलपति और रजिस्ट्रार ने राजभवन का दौरा किया और इसके लिए राज्यपाल को मंजूरी देने के लिए व्यक्तिगत रूप से अनुरोध किया। श्री पोनमुडी ने कहा कि राज्यपाल द्वारा श्री शंकरैया जैसे योग्य व्यक्ति को डिग्री देने से इंकार करने का कोई कारण नहीं बताया गया है।

राज्यपाल द्वारा द्रमुक सरकार पर स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान नहीं करने के आरोपों को झूठा करार देते हुए मंत्री ने कहा कि अगर राज्यपाल स्वतंत्रता सेनानियों का वास्तव में सम्मान करते हैं तो उन्हें श्री शंकरैया को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित करना चाहिए था। इस बीच, माकपा ने श्री पोनमुडी के दीक्षांत समारोह का बहिष्कार करने के निर्णय का स्वागत किया है।

माकपा के राज्य सचिव के. बालाकृष्णन ने एक बयान में कहा कि माकपा राज्यपाल के खिलाफ काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन करेगी, जो प्रदर्शन माकपा पिछले छह महीनों से विभिन्न मुद्दों पर कर रही है। इस बार के विरोध प्रदर्शन में राज्यपाल द्वारा श्री शंकरैया को डॉक्टरेट की मानद उपाधि देने की मंजूरी नहीं प्रदान करने का मुद्दा भी शामिल है।

**मुलाकात** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत




चेन्नई के गिंडी स्थित राज भवन में बुधवार को आयोजित सत्रह प्रदेशों के राज्य दिवस के मौके पर पंजाब राज्य से चेन्नई में प्रवासित पंजाबियों की संस्था पंजाब एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विक्रम अग्रवाल सचिव रमेश लंबा सहित एसोसिएशन के अनेक गणमान्य लोगों ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि से मुलाकात कर संस्था द्वारा किए जा रहे समाज कल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी व उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्यपाल आर एन रवि ने भी पंजाब एसोसिएशन द्वारा चेन्नई में किए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कार्यों की सराहना की।

## दुधारू गायों की दुर्लभ नस्ल के संरक्षण, संवर्धन में जुटी है एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड डेयरी सर्विसेज, विशेषकर देश के दक्षिणी हिस्सों में अलामधी सीमन स्टेशन में दुधारू गायों और बैलों की अनूठी नस्लों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में काम कर रही है। एक शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अलामाधी सीमन स्टेशन के प्रमुख गुणसेकरन एम ने कहा कि यहां के पास रेडहिल्स में एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज के इस सीमन स्टेशन में गोजातीय की लगभग 25 नस्लें हैं और यहां पिछले वित्त वर्ष में 95.61 लाख जमे हुए वीर्य की खुराक बेची गईं।

अलामाधी सीमेन स्टेशन उन पांच स्टेशनों में से एक है जो देशभर में एनडीडीबी डेयरी सेवाओं के तहत स्थापित किया गया है। चेन्नई के अलावा यह गुजरात, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र और हरियाणा में स्थित है। उनके अनुसार, 'कंगयम' बैल विशेष रूप से तमिलनाडु में लोकप्रिय बैल वश में करने वाले खेल 'जल्लीकट्टू' में अपनी मजबूत क्षमता के लिए जाने जाते हैं। चित्तूर जिले की 'पुंगनूर' नस्ल आंध्र प्रदेश से देवी 'लक्ष्मी' और केरल से 'वेचूर' को दर्शाती है। उन्होंने कहा, दुनिया की सबसे छोटी नस्ल जिसे गिनीज रिकॉर्ड्स में जगह मिली है, वह 'संबंधित क्षेत्र का गौरव' है।

उन्होंने बताया कि 'पुंगनूर' और 'वेक्टर' नस्लें विलुप्त होने के कगार पर थीं, जिनमें क्रमशः लगभग 500 और 200 जानवर शामिल थे। उन्होंने कहा, 'कंगायम' नस्ल की उत्पत्ति तमिलनाडु के दक्षिणी हिस्सों में कोंगु क्षेत्र से हुई है, जबकि 'पुंगनूर' मवेशियों की संख्या केवल 500 से 600 है, जो विलुप्त होने के कगार पर हैं।

'पुंगनूर' नस्ल के दूध में वसा की मात्रा अधिक होती है। सामान्य गाय में वसा की मात्रा लगभग तीन से 3.5 प्रतिशत होती है, इसकी तुलना में पुंगनूर नस्ल की गाय में वसा की मात्रा लगभग आठ प्रतिशत होती है।

उन्होंने कहा, इस गाय का दूध प्रतिदिन औसतन तीन से पांच लीटर होता है और दैनिक आहार का सेवन पांच किलोग्राम होता है। 'वेचूर' नस्ल केरल के कोट्टायम जिले के वेचूर गांव में पाई जाने वाली सबसे छोटी मवेशी नस्ल है।

उन्होंने कहा, '..गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के अनुसार यह दुनिया की सबसे छोटी मवेशी नस्ल है और इसे आवश्यक भोजन की मात्रा की तुलना में बड़ी मात्रा में दूध पैदा करने के लिए महत्व दिया जाता है।''

उन्होंने कहा, आज लगभग 200 'वेचूर' गायें हैं, जिनमें से लगभग 100 सरकार द्वारा संचालित पशु चिकित्सा महाविद्यालय में हैं।

## दो दलित युवकों को निर्वस्त्र कर पेशाब करने के आरोप में छह लोग गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले के एक स्कूल में हाल ही में कथित रूप से दलित भाई-बहनों पर हमला करने के बाद ऐसी ही अन्य घटना बुधवार को सामने आई, जिसमें नशे में धुत्त कुछ लोगों ने दो दलित युवकों के साथ मारपीट की और उन्हें निर्वस्त्र कर दिया तथा उनके साथ जातिसूचक व्यवहार करते हुए उन पर पेशाब कर दिया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मनोज कुमार (21) और उसका दोस्त मरियप्पन (19) थमीराबारानी नदी में स्नान करने के बाद जब घर लौट रहे थे, तभी नदी के पास कथित रूप से शराब पी रहे आरोपियों ने उन्हें रोका और उनसे उनका घर और उनकी जाति के बारे में पूछा। जब आरोपियों को पता चला कि वे एक दलित बस्ती से हैं, तो नशे में धुत लोगों ने उनसे मारपीट की और उनके कपड़े उतार दिए और उन पर पेशाब कर दिया।

पीड़ितों ने कहा कि उन्हें उन बदमाशों ने देर रात तक बंधक बनाए रखा और उन पर लाठी और छड़ों से हमला किया। उन्होंने उनसे घटनास्थल से भगाने से पहले 5,000 रुपये और दो मोबाइल फोन भी छिन लिया। दोनों पीड़ित पास में एक रिश्तेदार के घर गए, अपने माता-पिता से संपर्क किया और अपनी आपबीती सुनाई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पीड़ितों का बयान दर्ज करने के बाद दक्षिणी तिरुनेलवेली जिले की थचनल्लूर पुलिस ने पीड़ितों को तिरुनेलवेली मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया और दो दलित युवकों पर हमला करने, उन्हें निर्वस्त्र करने और पेशाब करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान पलयमकोट्टई निवासी पोन्नुमणि (25), नल्लामुथु (21), आयराम (19), रमार (22), शिवा (22) और लक्ष्मणन (22) के रूप में की गई है। सभी छह आरोपियों को बाद में एक अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

अस्पृश्यता और जातिगत भेदभाव के खिलाफ काम करने वाले एक फोरम के सदस्य ने घटना की निंदा करते हुए तमिलनाडु सरकार से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की है।

## कर्नाटक में कांग्रेस की अंदरूनी कलह बदतर होती जा रही : येडीयुरप्पा

### नेता प्रतिपक्ष, प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर भाजपा हाई कमान पर दबाव बनाएंगे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडीयुरप्पा ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डीके. शिवकुमार के बीच अंदरूनी कलह बदतर होती जा रही है। बेंगलूरु में बीजेपी मुख्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए येडीयुरप्पा ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दरामैया द्वारा बुलाई गई डिनर मीटिंग उपमुख्यमंत्री शिवकुमार को शामिल करने और राज्य सरकार में उनके कारण होने वाली परेशानियों को खत्म करने के लिए है।

येडीयुरप्पा ने कहा, 'इस सरकार में ट्रांसफर लॉबी जारी है। जबकि, आईटी छापों से यह साबित हो गया है कि इस कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार व्याप्त है। छापेमारी से यह भी पुष्टि हो गई है कि राज्य सरकार लूट की सरकार है। नाकामी छुपाने के लिए केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हैं। राज्य कांग्रेस के लिए एटीएम है, इसलिए केंद्रीय नेता कर्नाटक का दौरा कर रहे हैं।' एआईसीसी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और केसी वेणुगोपाल ने चुनाव का लक्ष्य तय करने के लिए राज्य का दौरा किया था।


मुख्यमंत्री प्रशासन पर नियंत्रण खोते जा रहे हैं। शक्ति मुफ्त यात्रा योजना को छोड़कर अन्य सभी गारंटी योजनाएं आधे लाभार्थियों तक भी नहीं पहुंच पाई हैं। उन्होंने मुफ्त बिजली की घोषणा की और बिजली दरें बढ़ा दीं। अगर यही सिलसिला जारी रहा तो बीजेपी राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। हमने उन्हें छह महीने का समय दिया था लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ।

उन्होंने आगे कहा, सरकार वस्तुत: गारंटी को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही है। न तो मुख्यमंत्री और न ही किसी अन्य मंत्री ने सूखाग्रस्त इलाकों का दौरा किया है। सूखे के दौरान विधायकों को 2 करोड़ रुपए की निधि मिलनी थी लेकिन केवल 50 लाख रुपए ही जारी किए गए। एससी-एसटी अनुदान भी जारी नहीं किया गया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के दिग्गज नेता बी.एस. येडीयुरप्पा ने बृहस्पतिवार को स्वीकार किया कि राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश इकाई के नए अध्यक्ष को नाम तय करने में विलंब हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों के वह पार्टी हाई कमान पर दबाव बनाने के लिए वह सभी प्रयास करेंगे। राज्य में मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने अभी तक विधायक दल के नेता की नियुक्ति नहीं की, जो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की भी भूमिका निभाएगा। जुलाई में आहूत विधानसभा का पिछला सत्र नेता प्रतिपक्ष की मौजूदगी के बिना हुआ था।

भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य येडीयुरप्पा ने यहां संवाददाताओं को बताया, 'नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति में विलंब हुआ है, मैंने जल्द से जल्द इस पद को भरने का अनुरोध किया है। मैं पुरजोर कोशिश करूंगा, जिससे मैं विधानसभा सत्र (दिसंबर में संभावित) से पहले जल्द से जल्द इन नियुक्तियों को भरने के लिए दबाव बना सकूं।'

## तमिल हास्य अभिनेता जूनियर बलैया का निधन



**चेन्नई।** तमिल फिल्मों के लोकप्रिय हास्य अभिनेता जूनियर बलैया का गुरुवार को चेन्नई में उनके आवास पर निधन हो गया। सत्तर वर्षीय जूनियर बलैया ने 1975 में अपनी पहली फिल्म में अभिनय किया था। वह मशहूर अभिनेता और हास्य अभिनेता टी. एस. बलैया के बेटे थे। जूनियर बलैया ने अपने चार दशक से अधिक लंबे करियर में 100 से अधिक फिल्मों में ज्यादातर कॉमेडी और सहायक भूमिकाओं में अभिनय किया है। उन्होंने 'कारकट्टकरन', 'गोपुरा वसालिले', 'सत्ताई', 'सुंदरा कांडम', 'रासुकुट्टी', 'वीटला विशेषंगा' जैसी लोकप्रिय फिल्मों में अभिनय किया है। दिवंगम अभिनेता के पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार कल होगा। तमिल फिल्म उद्योग ने जूनियर बलैया के निधन पर शोक व्यक्त किया और विभिन्न अभिनेताओं और कलाकारों ने शहर में उनके वलसरवक्कम निवास पर जाकर उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की।

CIO बीमा लोकपाल परिषद Council for Insurance Ombudsmen

**बीमा लोकपाल परिषद**

**बीमा लोकपाल के पदों पर रिक्तियां**

विज्ञापन संख्या 1/2023 दिनांक: 03/11/2023

योग्य उम्मीदवारों से चेन्नइ, मुंबई और ठाणे ( खुलने जा रहा है ) के प्रत्येक केंद्रों में एक बीमा लोकपाल के पद पर नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

निम्नलिखित विवरण हमारे होम पेज www.cioins.co.in पर "Vacancies for the post of Insurance Ombudsman" शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध हैं।

1. "Notification" टैब के तहत बीमा लोकपाल के रूप में नियुक्ति के लिए पात्रता शर्तें, प्रक्रिया, चयन मानदंड और नियम और शर्तें।
2. आवेदन केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से जमा किया जाना है, जिसकी लिंक "Online application to the post of Insurance Ombudsman" टैब के अंतर्गत उपलब्ध है।

इस संबंध में कोई भी प्रश्न query-recruitment@cioins.co. in पर भेजा जा सकता है।

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 02/12/2023 है।

ऑनलाइन आवेदन और अन्य विवरणों के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.cioins.co.in पर जाएं, या QR Code स्कैन (scan) करे।

महासचिव (बीमा लोकपाल परिषद )

CBC 15227/12/0003/2324

# भाजपा ने 58 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की, गहलोत व पायलट के खिलाफ प्रत्याशी घोषित किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए 58 उम्मीदवारों की तीसरी सूची बृहस्पतिवार को जारी की और पार्टी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के खिलाफ अपने उम्मीदवारों नामों की घोषणा भी कर दी। पार्टी की इस सूची में सात महिला उम्मीदवार हैं और उसने अपने मौजूदा आठ विधायकों को एक बार फिर मौका दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह ने दिल्ली में यह सूची जारी की।

इस सूची में पार्टी ने सरदारपुरा (जोधपुर) सीट से महेंद्र सिंह राठौड़ को उम्मीदवार बनाया है जहां कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चुनाव लड़ रहे हैं। राठौड़ जोधपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष हैं। वहीं टोंक सीट पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के खिलाफ भाजपा ने अजीत सिंह मेहता को मैदान में उतारा है। मेहता 2013 में टोंक सीट से विधायक रह चुके हैं।

पार्टी ने हाथोज धाम के धर्मगुरु बालमुकुंद आचार्य को हवामहल सीट से मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इस सीट के लिए अभी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। पार्टी ने जिन मौजूदा विधायकों को इस सूची में टिकट दिया हैं उनमें सूरतगढ़ से रामप्रताप कासनिया, रामगंज मंडी से मदन दिलावर, फलोदी से पब्बाराम विश्नोई, भीनमाल से पूराराम चौधरी, रानीवाड़ा से नारायण सिंह देवल, कपासन से अर्जुन लाल जीनगर, केशोरायपाटन से चंद्रकांता मेघवाल व लाडपुरा से कल्पना देवी शामिल हैं।

भाजपा ने एक दिन पहले दिल्ली में पार्टी में शामिल हुए सुभाष मील, खंडेला , दर्शन सिंह, करौली तथा उदय लाल डांगी, वल्लभनगर को भी टिकट दिया है। मील व सिंह कांग्रेस से जबकि डांगी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से भाजपा में शामिल हुए हैं। पार्टी ने शाहपुरा भीलवाड़ा से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल का टिकट काट दिया है। उनकी जगह नए चेहरे लालाराम बैरवा को मौका दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मेघवाल ने हाल ही में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था जिसके बाद पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया था। पार्टी ने पहली दो सूचियों में क्रमश: 83 और 41 उम्मीदवार घोषित किए थे। तीन सूचियों में वह अब कुल 182 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। अभी उसे 18 उम्मीदवार और घोषित करने हैं। राज्य की सभी 200 सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा जबकि मतगणना तीन दिसंबर को होगी। नामांकन छह नवंबर तक किए जा सकते हैं।

## ईडी का प्रवर्तन अधिकारी व सहयोगी रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इम्फाल के एक अधिकारी व उसके सहयोगी को कथित रूप से परिवादी से 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी अधिकारी चिटफंड मामले में गिरफ्तार नहीं करने की एवज में आरोपी से 17 लाख रुपए मांग रहा था। ब्यूरो (एसीबी) के बयान के अनुसार, गिरफ्तार लोगों में ईडी के इम्फाल (मणिपुर) स्थित एक कार्यालय का प्रवर्तन अधिकारी (ईओ) नवल किशोर मीणा तथा उसका स्थानीय सहयोगी बाबूलाल मीणा है। परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के इम्फाल कार्यालय में चिटफंड-प्रकरण में उसके विरुद्ध दर्ज मामले को निपटाने, प्रॉपर्टी जब्त नहीं करने तथा गिरफ्तार नहीं करने की एवज में आरोपी प्रवर्तन अधिकारी नवल किशोर मीणा द्वारा 17 लाख रुपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। एसीबी की टीम ने शिकायत का सत्यापन कर बृहस्पतिवार को जयपुर में आरोपी नवल किशोर मीणा उर्फ एनके मीणा को अपने सहयोगी बाबूलाल मीणा उर्फ दिनेश के माध्यम से परिवादी से 15 लाख रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया। इसके अनुसार, नवल किशोर मूल रूप से बस्सी के विमलपुरा गांव का रहने वाला है जबकि उसका सहयोगी बाबूलाल उप पंजीयक कार्यालय-मुंडावर में कनिष्ठ सहायक पद पर कार्यरत है। आरोपियों से आगे पूछताछ जारी है।




# धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों की अब चलने वाली नहीं : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों की अब चलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी जाति, सभी धर्मों के लोगों को साथ लेकर चलना कांग्रेस की सोच है और उसके सिद्धांतों ने ही देश को अखंड रखा है।

यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में गहलोत ने अपनी सरकार द्वारा गौशालाओं व मंदिरों के लिए किए गए कामों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, गायों के लिए गौशालाएं मैंने ही बनवाईं, हम पुजारियों का मानदेय बढ़ा रहे हैं, मंदिरों की मरम्मत करवा रहे हैं ... यह लोग धर्म के नाम पर जो राजनीति कर रहे हैं,... अब इनकी चलने वाली नहीं है। लोग समझ गए हैं कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार सबको साथ लेकर चल रही है। गहलोत ने कहा कि देश में कांग्रेस की नीतियों, सिद्धांत, कार्यक्रम की पहचान है। उन्होंने कहा कि इन्हीं नीतियों, सिद्धांतों व कार्यक्रमों ने देश को अखंड रखा है और कांग्रेस की सोच सभी जाति, सभी धर्मों के लोगों को साथ लेकर चलने की है।

मुख्यमंत्री ने कहा, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कांग्रेस के खिलाफ तथाकथित तुष्टिकरण का षड्यंत्र किया है। धर्म के नाम पर कोई बात करता है तो लोग बहकावे में आ ही जाते हैं, अब उनकी असलियत सामने आ रही है क्योंकि नौ साल में सबको मालूम हो गया है कि कांग्रेस के लोग भी हिंदू हैं, गौभक्त हैं और मंदिर जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, पहले ऐसा माहौल बना दिया गया जैसे कांग्रेस के लोग मंदिर नहीं जाते, उनकी आस्था नहीं होती, वे गौमाता की पूजा नहीं करते। अपने मकसद में वे कामयाब हो गए लेकिन नौ साल में उनकी असलियत सामने आ गई। इस अवसर पर साध्वी अनादि सरस्वती ने कांग्रेस की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री गहलोत व पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा ने उनका पार्टी में स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को तिजारा में एक कार्यक्रम में कहा था तालिबानी सोच का इलाज बजरंगबली की गदा ही है। इस बारे में एक सवाल पर गहलोत ने कहा, ये जो बातें कर रहे हैं वे देशहित में नहीं हैं। ये मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, कर्नाटक में भी बजरंग बली का नाम आया था। कर्नाटक की जनता ने करारा जवाब दे दिया। अब बारी राजस्थान की है और राजस्थान की जनता करारा जवाब देगी। गहलोत ने कहा कि राजस्थान सरकार की योजनाओं की देश भर में चर्चा हो रही है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राजस्थान को देश में सिरमौर कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज्य सरकार के काम, उसकी योजनाओं व गारंटियों को लेकर ही चुनावी मैदान में जा रही है। उन्होंने कहा, हमारी योजनाएं, हमारे कानून, हमारी गारंटियां... इनके आधार पर ही हम जनता के बीच जा रहे हैं और हम चाहेंगे कि जनता हमें रिपीट करे। सरकार रिपीट होगी तो आने वाले वक्त में मौजूदा योजनाएं और मजबूत होंगी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान की 200 सीटों के लिए मतदान 25 नवंबर को और मतगणना तीन दिसंबर को होगी।

## संबोधन



फतेहपुर से भाजपा प्रत्याशी श्रवण चौधरी की गुरुवार को नामांकन सभा को नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ संबोधित करत हुए।

# कांग्रेस को भाजपा ने कानून व्यवस्था, दुष्कर्म, महिला अत्याचार के मामलों में घेरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में कानून व्यवस्था, महिला दुष्कर्म और महिला अत्याचार के मामलों को लेकर भाजपा नेता गहलोत सरकार पर लगातार हमला किए हुए है । भाजपा का चुनाव प्रचार इस बार गहलोत सरकार की कानून व्यवस्था की ज्यादा खामी उजागर कर रहा है । भाजपा नेताओं का कहना है कि आखिर किस मुहं से कांग्रेस के नेता वोट मागेंगे उन माताओं व बेटियों से जो दुष्कर्म का शिकार हुई है।वहीं चीखती हुई महिलाए, जलती हुई भट्टी, कॉलेज जाने वाली युवतियॉ सभी का एक ही सवाल है कि गहलोत सरकार सुरक्षा नहीं दे पाई है । 2020-2021 एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार महिला दुष्कर्म में राजस्थान पहले पायदान पर है ।भाजपा नेताओं का कहना है कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव चरम पर है , लेकिन अब बड़ी बड़ी सभाएं करके बड़ी बड़ी योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाया जा रहा है । लेकिन महिला सुरक्षा की बात हो तो राजस्थान के हालात बद से बदतर है ।

राजस्थान में महिलाओं और नाबालिग बालिकाओं के साथ हो रही दुष्कर्म की घटनाओं के आंकड़ें चौंकाने वाले हैं। चाहे 4 साल की बच्ची हो या अधेड़ महिला हो कोई भी सुरक्षित नहीं है । कांग्रेस सरकार के राज में दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ गई है व एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान इसमे नम्बर एक पर आ गया है । सितंबर 2023 में जयपुर जिले के पापड़ गांव में महिला के साथ रेप कर उसको जला दिया गया । कांग्रेस सरकार की तरफ से आज तक किसी भी महिला सुरक्षा पर उठे सवाल पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया ।

भाजपा नेताओं का आरोप है कि ये वो आंकड़े है जो हमे दिख जाते है नजर में आ रहे है लेकिन ऐसे बहुत से केस होंगे जो हमारी नज़रों में नही आ पा रहे होंगे । भाजपा नेताओं का आरोप है कि महिलाओ की आबरू को तार तार करने वाले आज भी खुले घूम रहे है । कठोर कार्यवाही नही होने की वजह से ऐसे मामलो में वृद्धि होती जा रही है ।

# प्रवर्तन एजेंसियों को सतर्क एवं सजग रहकर कार्रवाई करने के निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में कोटा जिले नियुक्त व्यय पर्यवेक्षकों एवं प्रवर्तन एजेंसियों के नोडल अधिकारियों ने विभिन्न विभागों की अब तक की गई जब्ती संबंधी कार्रवाई की समीक्षा की हैं। भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी प्रवीण कुमार बाली को पीपल्दा, सांगोद एवं लाडपुरा विधानसभा क्षेत्रों के लिए जबकि डी. बबीता को विधानसभा क्षेत्र कोटा उत्तर व दक्षिण, रामंगजमण्डी विधानसभा क्षेत्र के लिए व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

व्यय पर्यवेक्षक प्रवीण कुमार ने बैठक में निर्देश दिए कि विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियां आपसी समन्वय रखते हुए पूरी तरह सजग होकर अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहें और निष्पक्ष एवं स्वच्छ निर्वाचन सुनिश्चित कराएं। लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिए कि विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन करने वाले अभ्यर्थियों के बैंक अकाउंट खोलने की कार्रवाई तुरंत की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियां अपनी टीम को सक्रिय करें और समय-समय पर की गई कार्रवाई की रिपोर्टिंग भी करें। उन्होंने विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा अबतक की गई धन एवं वस्तुओं की जब्ती की कार्रवाई की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। अवैध शराब एवं चुनाव के मद्देनजर विभिन्न वस्तुओं की आवाजाही पर कडी निगरानी एवं चौकसी बढाने के निर्देश दिए।

संबंधित अधिकारियों ने कार्रवाईयों के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। एयरपोर्ट अधिकारी को संदिग्ध आवागमन पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। व्यय पर्यवेक्षक डी बबीता ने भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में निर्वाचन व्यय प्रकोष्ठ से जुड़े प्रवर्तन संबंधी विभागों ने अब तक की गई कार्रवाई से अवगत कराया।



# जिसकी खुद की वारंटी नहीं वह कांग्रेस अब लोगों को गारंटी देने लगी : वसुन्धरा राजे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बाली/बिलाड़ा/पाली/जोधपुर। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने प्रचार अभियान का आगाज करते हुए कहा है कि जनता मूर्ख नहीं है, जो कांग्रेस की झूठी गारंटी में आ जाए। उन्होंने कहा आश्चर्य होता है जिसकी खुद की वारंटी नहीं, वह कांग्रेस अब लोगों को गारंटी देने लगी। गहलोत जाते-जाते राहत का ऐसा जादुई पिटारा खोल रहे है, जिसमें दिखावे के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने पूरे समय जनता को ज़ख़्म दिए, अब झूठे सपने दिखा रहें हैं, पर जनता जानती है कि आख़िरी समय में कांग्रेस की ये राहत घोषणाएँ सिर्फ़ चार दिन की चाँदनी है। उन्होंने कहा कांग्रेस के यह पाँच साल राजस्थान लिए काले अध्याय के समान थे। जिसमें महिलाओं की चीखे थी, किसानों के आंसू थे, युवाओं के अरमानों पर पानी था और दलितों पर अत्याचार की कहानी थी।

पूर्व सीएम गुरुवार को बाली से भाजपा प्रत्याशी पुष्पेन्द्र सिंह बाली व बिलाड़ा से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन लाल गर्ग की नामांकन रैली में बोल रही थी। राजे ने कहा कि जो काम हमने चालू किए, कांग्रेस ने उनके ताले लगा दिए। अस्पताल है पर डॉक्टर नहीं है। स्कूल है पर टीचर नहीं हैं। पद ख़ाली हैं पर नौकरी नहीं हैं।

कांग्रेस सरकार ने फ़्यूल सरचार्ज के नाम पर साढ़े 56 करोड़ की वसूली की और जून में 100 यूनिट बिजली फ्री की। यानी आपका पैसा आपसे ही छीनकर आपको बिजली फ्री के रूप में लौटा रहे है। लेकिन छीना ज़्यादा, दे रहे हैं बहुत कम। हमारे समय में ट्रांसफ़ॉर्मर 72 घंटे में बदले जाते थे, आज 72 दिन में भी नहीं। ट्रांसफॉर्मर ख़रीदने के लिए सरकार के पास पैसा ही नहीं है।

आप सब जानते हैं कि ये 5 साल आपने कैसे निकाले। बहन बेटियों की इज़्ज़त नीलाम हुई। आए दिन निर्दोष लोगों की हत्याएँ हुई। छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म हुए। इसलिए वोट उसको दें जो आपकी बेटी की सुरक्षा करे। राहुल गांधी ने 10 दिन में किसानों का कर्जा माफ़ करने का वादा किया। आज तक पूरा नहीं। उल्टा 19 हज़ार से ज़्यादा किसानों की ज़मीन कुर्क हुई। अब तक 350 किसानों ने आत्महत्या की।

वादा करके भी बेरोगारी भत्ता नहीं दिया। 19 बार पेपर लीक होने से 70 लाख युवाओं का भविष्य चौपट। युवा आत्महत्या कर रहें हैं। नरेगा में समय पर पैसा नहीं। कांग्रेस के इस कुराज में राजस्थान रेप और महिला, दलित अत्त्याचर, भ्रष्ट्राचार, कर्ज, बेरोजगारी, महंगाई, हिंदुओ और संतों पर अत्याचार और झूठे वादों में नंबर वन है।



# गहलोत की मौजूदगी में साध्वी अनादि सरस्वती कांग्रेस में शामिल हुईं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की मौजूदगी में साध्वी अनादि सरस्वती कांग्रेस में शामिल हुईं है। कांग्रेस में शामिल होने के बाद साध्वी अनादि सरस्वती ने कहा, ''मुझे लगता है कि पूरे समाज में मेरी पहचान एक संत के रूप में है. एक संत किसी भी दलगत राजनीति से ऊपर होता है. और एक संत सनातन धर्म और पूरे विश्व को अपना परिवार मानता है.'' एकमात्र लक्ष्य मानव जाति की सेवा करना है। एक संत को मंच की आवश्यकता नहीं होती है, वह केवल काम करने पर केंद्रित होता है... मैं सीएम को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे सम्मान के साथ पार्टी में शामिल किया है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, हम अपनी योजनाओं, हमने जो कानून पास किए, हमारी गारंटियां, इसके आधार पर हम जनता के बीच जा रहे हैं। हम चाहेंगे की जनता हमारी सरकार(कांग्रेस) को दोहराए और अपना आशीर्वाद दे। अगर सरकार दोबारा बनी तो मौजूदा योजनाएं आने वाले समय में और मजबूत होंगी। जो गारंटी दी है वो और मजबूत होगी।

# टिकट नहीं मिलने से नाराज कांग्रेस के नेताओं व समर्थकों ने किया प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में टिकट से वंचित रहे कांग्रेस के नाराज नेताओं व समर्थकों ने कई जगह विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने टायर और पुतले जलाकर विरोध प्रकट किया। कार्यकर्ताओं ने पार्टी आलाकमान को पत्र लिखे हैं, धरने दिए और यहां तक कि कुछ नेताओं ने पार्टी की ओर से जारी सूची के बाद अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। टिकट नहीं मिलने के बाद बसेड़ी से मौजूदा विधायक खिलाड़ी लाल बैरवा ने राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

कांग्रेस ने कल 61 उम्मीदवारों की सूची जारी की जिसमें खिलाड़ी लाल बैरवा, भरत सिंह, भरोसी लाल जाटव, हीरा लाल मेघवाल, जौहरी लाल मीणा, बाबूलाल बैरवा समेत सात मौजूदा कांग्रेस विधायकों का टिकट काट दिया गया। बैरवा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मुझे सच बोलने और पार्टी नेतृत्व के साथ खड़े होने की सजा मिली है। चुनाव लड़ने को लेकर उन्होंने कहा, 'समर्थक जो कहेंगे मैं वही करूंगा।' बैरवा पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के समर्थक हैं।

जयपुर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) मंत्री महेश जोशी के समर्थकों ने उन्हें हवामहल सीट से उम्मीदवार बनाए जाने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। पार्टी ने अभी तक जोशी को टिकट नहीं दिया है और हवामहल से कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

उल्लेखनीय है कि पार्टी आलाकमान ने 25 सितंबर 2022 को विधायक दल की बैठक के खिलाफ विधायकों की समानांतर बैठक करने के लिए जोशी और शहरी विकास मंत्री शांति धारीवाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया ।

## जनसंपर्क



जयपुर में गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी जनसंपर्क कार्यक्रम की शुरुआत करती हुई।




## विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर ज्यादा काम नहीं हो रहा, कांग्रेस का ध्यान अभी विधानसभा चुनाव पर : नीतीश

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की सक्रियता थमने के लिए बृहस्पतिवार को इस प्रमुख घटक कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को फिलहाल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में दिलचस्पी है तथा विपक्षी मोर्चे को आगे बढ़ाने की उसे चिंता नहीं है। जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नेता ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की ओर से आयोजित ''भाजपा हटाओ देश बचाओ''नामक रैली के दौरान यह भी कहा कि विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद कांग्रेस खुद सभी विपक्षी दलों को बुलाएगी।

भाकपा महासचिव डी राजा जैसे वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में बिहार के मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि केंद्र सरकार का विरोध करने वाले दल नया गठबंधन बनाने के लिए एक साथ आए थे। उन्होंने कहा कि हाल में उस मोर्चे पर बहुत प्रगति नहीं हुई है और लगता है कि कांग्रेस को पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में अधिक रुचि है। कुमार ने कहा, ''अभी तो काम ज्यादा नहीं हो रहा है, पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। कांग्रेस पार्टी को तो उसी में ज्यादा दिलचस्पी है। कांग्रेस पार्टी को आगे रखकर इसे ('इंडिया' गठबंधन को) बढ़ाने के लिए हम सब एकजुट होकर काम कर रहे थे, लेकिन उनको इन सबकी चिंता नहीं है। अभी पांच राज्यों के चुनाव में लगे हुए हैं। चुनाव हो जाएगा तो अपने आप सबको बुलाएंगे। अभी तो चर्चा नहीं हो रही है''

## एटीएम में नकदी भरने वाली कंपनी का कर्मचारी 45 लाख रुपये के गबन के आरोप में गिरफ्तार

**बेहरामपुर (ओडिशा)/भाषा।** ओडिशा पुलिस ने 45 लाख रुपये के कथित गबन के आरोप में एटीएम में नकदी भरने वाली एक कंपनी के कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान गंजम जिले के मंडियापल्ली गांव निवासी दीपक कुमार पाधी (42) के रूप में हुई है। पाधी पर पिछले एक साल में अलग-अलग एटीएम में नकदी भरते समय हेराफेरी का संदेह था। बेरहामपुर के पुलिस अधीक्षक सरवना विवेक एम. ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने 45 लाख रुपये के गबन की बात स्वीकार की और दावा किया कि उसने ऑनलाइन जुए में पूरी रकम गंवा दी। कंपनी के आंतरिक लेखाजोखा के दौरान पाधी द्वारा धन के गबन का खुलासा हुआ। कंपनी के मैनेजर भवानी प्रसाद सामंत ने आरोपी के खिलाफ बैद्यनाथपुर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। बैद्यनाथपुर पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक बाबा साहेब सराफ ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने नकदी के गबन की बात कबूल कर ली है तथा मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## 'मनरेगा की बकाया राशि देने में देरी के लिए जानबूझकर गलत सूचना फैलायी जा रही'



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि राज्य को मनरेगा की बकाया रकम देने में देरी करने के लिए जानबूझकर गलत सूचना फैलायी जा रही है। उनका यह आरोप ऐसे वक्त आया है जब एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वह केंद्र के बंगाल की बकाया राशि चुकाने की लिए तय की गई समयसीमा एक पखवाड़े के लिए बढ़ाकर 16 नवंबर कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राशि जारी करने के लिए तृणमूल कांग्रेस के आंदोलन के बावजूद केंद्र सरकार ने कोई रकम जारी नहीं की और आरोप लगाया कि लोगों को भ्रमित करने के लिए गलत सूचना फैलाई जा रही है। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, मुझे मनरेगा में केंद्रीय धनराशि जारी करने के संबंध में जानबूझकर दुष्प्रचार अभियान का पता चला है। हमारे जोरदार आंदोलनों और विस्तृत तथ्यात्मक रिकॉर्ड और खाते प्रस्तुत करने के बावजूद, केंद्र अपने पैर खींच रहा है और उसने कोई भी रुकी हुई रकम जारी नहीं की है। उन्होंने गलत सूचना फैलाने को केंद्र सरकार के लिए शर्मनाक बताया।

केंद्र सरकार ने पहले कहा था कि निर्देशों का पालन न करने के कारण ग्रामीण नौकरी योजना के लिए धन बंगाल को जारी नहीं किया गया था। उन्होंने कहा, लोगों को बेवकूफ बनाने, भ्रम फैलाने और राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए गलत सूचना फैलाई जा रही है। हमें अपने उचित हिस्से की जरूरत है, हम इसके हकदार हैं। यहां-वहां गलत सूचनाएं लीक करने के बावजूद हमें अनुचित तरीके से वंचित किया जा रहा है। शर्म करो!!

## रैगिंग से मौत: यादवपुर विश्वविद्यालय ने 'फ्रेशर' छात्रों को अलग छात्रावास में स्थानांतरित किया

**कोलकाता/भाषा।** यादवपुर विश्वविद्यालय ने अगस्त में स्नातक के एक 'फ्रेशर' छात्र की कथित तौर पर रैगिंग के बाद मौत को देखते हुए अपनी आंतरिक जांच समिति की सिफारिश के आधार पर प्रथम वर्ष के लगभग 100 छात्रों को परिसर के अंदर मौजूद दूसरे छात्रावास में स्थानांतरित कर दिया है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इमारत की एक मंजिल पर रह रहे 12 सीनियर छात्र आगामी सेमेस्टर परीक्षाएं खत्म होने के साथ ही वहां से हट जाएंगे। उन्होंने कहा कि जूनियर छात्रों को प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए निर्धारित छात्रावास में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया अक्टूबर में शुरू हुई थी। एक अधिकारी ने कहा, बगल की एक अन्य इमारत की मरम्मत और नवीनीकरण का काम जारी है, जिसमें कुछ गैर-शिक्षण कर्मचारी रहते हैं। एक बार काम खत्म हो जाने पर इसमें प्रथम वर्ष के 40 अन्य छात्रों को रखा जाएगा। यह भवन केवल नये छात्रों के रहने की सुविधा के लिए होगा। आंतरिक जांच समिति ने यादवपुर विश्वविद्यालय के अधिकारियों को नौ अगस्त की रात को कथित तौर पर रैगिंग के बाद लड़कों के मुख्य छात्रावास की तीसरी मंजिल की बालकनी से प्रथम वर्ष के 17 वर्षीय छात्र के गिरने के मद्देनजर जल्द से जल्द छात्रावास का सीमांकन करने का सुझाव दिया था। उक्त छात्र की अगली सुबह अस्पताल में मौत हो गई थी।

## छत्तीसगढ़ में ग्रामीण की हत्या, नक्सलियों ने चुनाव कर्मियों को मतदान केंद्र नहीं जाने की चेतावनी दी

**बीजापुर (छत्तीसगढ़)/भाषा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में संदिग्ध नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर होने के संदेह में 40 वर्षीय व्यक्ति की हत्या कर दी और चुनाव अधिकारियों को सात नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए मतदान केंद्र नहीं जाने की चेतावनी दी है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आरंभिक सूचना के अनुसार नक्सलियों ने मुचाकी लिंगा नामक व्यक्ति की बुधवार-बृहस्पतिवार की रात को रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी और उसके शव को बीजापुर जिले में गलगम एवं नड़पल्ली गांवों के बीच सड़क किनारे फेंक दिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने लिंगा पर पुलिस मुखबिर होने का आरोप लगाया है। पुलिस को जब मामले की जानकारी मिली तब पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने नक्सलियों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

# वर्ष 2014 के बाद ही राजनीति के एजेंडा में शामिल की गयी महिलाएं : आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**हरदोई (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि आधी आबादी को सम्मान दिये बगैर कोई भी समाज सशक्त नहीं हो सकता और 2014 में केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद देश में पहली बार महिलाओं को राजनीति के एजेंडा में शामिल किया गया।

मुख्यमंत्री ने यहां 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' को सम्बोधित करते हुए कहा, 'आधी आबादी को सम्मान दिए बिना कोई भी समाज सशक्त नहीं हो सकता। इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत करीब से समझा है। यही वजह है कि आजादी के बाद पहली बार वर्ष 2014 में भारत की राजनीति के एजेंडा में महिलाओं को शामिल किया गया है।' उन्होंने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिये संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को नये परिसीमन के बाद 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इससे और ज्यादा संख्या में महिलाओं को सांसद और विधायक बनने का मौका मिलेगा।'

आदित्यनाथ ने कहा उनकी सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण और सुरक्षा के लिये अनेक योजनाएं चला रही है। सरकार अब बेटी की पढ़ाई से लेकर नौकरी और विवाह तक की व्यवस्था कर रही है। अब उत्तर प्रदेश में बेटी की शादी के लिए किसी पिता को कर्ज नहीं लेना पड़ता है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बेटियों की शादी का सशक्त माध्यम बनी है। इसके तहत अब तक तीन लाख बेटियों की शादी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 1947 से 2017 तक प्रदेश के पुलिस बल में केवल 10 हजार महिला कर्मचारी थीं, लेकिन भाजपा सरकार ने सिर्फ छह वर्ष में अतिरिक्त भर्ती के कार्यक्रम चलाकर महिला कार्मिकों की संख्या बढ़ाकर 40 हजार कर दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार नये सत्र से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 25 हजार रुपये देगी। इसके लिए बजट की व्यवस्था कर दी गई है। अभी तक इस योजना का लाभ 17 लाख बेटियों को मिल रहा है। यह संख्या और बढ़ायी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 541 करोड़ रुपये की 217 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा, आगामी दिसंबर तक सवा करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का लाभ मिल जाएगा। इस योजना के तहत राज्य सरकार अब तक 75 लाख परिवारों को उनकी जमीन और मकान पर मालिकान हक दिलवा चुकी है।

प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना केंद्र सरकार की एक खास योजना है जिसके तहत ग्रामीणों को उनकी ऐसी जमीनों और मकानों का मालिकाना हक दिया जाता है जिनका कोई सरकारी रिकॉर्ड नहीं होता है।

# कांग्रेस है 'कट, कमीशन, करप्शन' की पार्टी : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**करनाल (हरियाणा)/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए इसे 'कट, कमीशन और करप्शन' वाली पार्टी करार दिया तथा 'इंडिया' गठबंधन की आलोचना करते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने अपने खुद के हित साधने के लिए हाथ मिलाया है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर भाजपा लोगों के कल्याण के लिए काम करती है।

हरियाणा सरकार द्वारा यहां आयोजित 'अंत्योदय सम्मेलन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने राज्य के समग्र विकास के लिए मनोहरलाल खट्टर के नेतृत्व वाली सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने पिछले नौ वर्षों में भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद को समाप्त किया है और कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार किया है। नरेन्द्र मोदी नीत केंद्र सरकार की विभिन्न पहलों और योजनाओं का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने लोगों से हरियाणा में सभी सीट पर भाजपा को जिताने की अपील की। लोस चुनाव व हरियाणा विधानसभा चुनाव अगले साल होने हैं। उन्होंने कांग्रेस पर तुष्टीकरण और जाति आधारित राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस कट, कमीशन और करप्शन की पार्टी है। पार्टी का हाथ (चुनाव चिह्न) हरियाणा के लोगों के साथ नहीं है। कार्यक्रम में शाह ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल और अन्य की मौजूदगी में 'अंत्योदय' परिवारों के लिए पांच योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा की आलोचना करते हुए कहा, मैं हुड्डा जी से पूछना चाहता हूं कि क्या पिछले नौ वर्ष में (भाजपा के तहत) जो विकास हुआ वह दिखाई दे रहा है या (आपकी) आंखें अभी भी बंद हैं। कांग्रेस न तो हरियाणा का विकास कर सकती है और न ही देश का। विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन को घमंडिया गठबंधन करार देते हुए शाह ने आरोप लगाया कि इसमें शामिल सभी 27 दल ''परिवारवादी'' हैं।

शाह ने कहा, सभी 27 दल 'परिवारवादी' हैं। किसी को अपने बेटे को समायोजित करना है, किसी को अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना है, किसी को अपने बेटे को एजेंसियों से बचाना है, जबकि किसी को अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। कुछ को मैडम का वफादार बनना है। क्या ये लोग जनता का कुछ भला कर सकते हैं? उन्होंने राम मंदिर मुद्दे पर भी कांग्रेस पर निशाना साधा।

शाह ने आरोप लगाया कि आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस ने राम मंदिर मुद्दे को लटकाए रखा और अयोध्या में इसके निर्माण में बाधा डाली। उन्होंने उपस्थित लोगों से पूछा, अयोध्या में राम मंदिर समय पर बनना चाहिए था या नहीं।




## ज्योतिप्रिय मलिक को प. बंगाल कैबिनेट से हटाने की मांग को लेकर भाजपा ने किया प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गिरफ्तार मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को मंत्रिमंडल से हटाने की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को राज्य भर में विरोध रैलियां निकालीं। भाजपा नेताओं ने दलील दी कि राज्य सरकार में दागी मंत्री का पद पर बने रहना असंवैधानिक और अवैध है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य में कथित राशन वितरण घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पिछले हफ्ते पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को गिरफ्तार किया था। भाजपा की प्रदेश महासचिव अग्निमित्रा पॉल ने कहा, ''हम मलिक को राज्य मंत्रिमंडल से तत्काल हटाने की मांग करते हैं। भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया व्यक्ति अपने पद पर कैसे बना रह सकता है? यह न केवल असंवैधानिक, बल्कि अवैध भी है।'' पॉल ने पश्चिम बर्धमान जिले में स्थित अपने विधानसभा क्षेत्र आसनसोल में एक विरोध रैली का नेतृत्व किया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में रैलियां आयोजित कीं और सभी में मलिक को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की गई। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने सत्तारूढ़ दल पर आरोपों का सामना कर रहे अपने नेताओं के साथ व्यवहार में दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया।



## अगर कांग्रेस सत्ता में आयी तो महिलाओं को हर माह चार हजार रू का फायदा होने की संभावना : राहुल

**हैदराबाद/भाषा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आई तो राज्य में महिलाओं को सामाजिक पेंशन, रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कमी तथा मुफ्त बस यात्रा जैसे कदमों के तहत हर महीने 4,000 रुपये का लाभ हो सकता है। कालेश्वरम परियोजना के मेदिगड्डा (लक्ष्मी) बैराज के पास अंबातिपल्ली गांव में महिलाओं की एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) द्वारा कथित रूप से ''लूटा'' गया सारा धन महिलाओं को ''लौटाने'' का फैसला किया है। राहुल ने कहा, ''तेलंगाना की महिलाएं यहां के मुख्यमंत्री की लूट से सबसे ज्यादा प्रभावित हुईं। कांग्रेस पार्टी ने मुख्यमंत्री द्वारा लूटी गई रकम को आपके बैंक खातों में जमा कराने का फैसला किया है।'' उन्होंने कहा कि पहले कदम के तौर पर महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने 2500 रुपये सामाजिक पेंशन के तौर पर जमा किये जायेंगे। साथ ही 1,500 रुपये की बचत भी होगी क्योंकि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो एलपीजी सिलेंडर 500 रुपये में दिए जाएंगे और महिलाएं सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा कर पाएंगी, जिससे उनके करीब 1000 रुपये बचेंगे। इस समय एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 1,000 रु. है।

## केजरीवाल को समन भेजने के पीछे राजनीतिक षडयंत्र है : 'आप'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा समन जारी किए जाने के पीछे एक ''राजनीतिक षड्यंत्र'' है और विपक्ष के नेताओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है।

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष बृहस्पतिवार को पेश नहीं हुए। उन्होंने जांच एजेंसी को पत्र लिखकर मांग की कि उन्हें भेजा गया नोटिस वापस लिया जाए। उन्होंने दावा किया कि यह नोटिस ''गैरकानूनी एवं राजनीति से प्रेरित'' है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, ईडी द्वारा अब उन्हें नया समन जारी किए जाने की संभावना है। इससे पहले दिन में 'आप' से जुड़े सूत्रों ने कहा था कि केजरीवाल मध्य प्रदेश के सिंगरौली जाएंगे जहां वह पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ एक रोडशो में हिस्सा लेंगे।

'आप' नेता सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''दिल्ली के मुख्यमंत्री से आज ईडी के सामने पेश होने को कहा गया। उन्होंने ईडी को पत्र लिखकर कहा कि समन में यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें किस हैसियत से बुलाया जा रहा है-- एक गवाह के रूप में या एक संदिग्ध के रूप में, एक व्यक्ति के तौर पर उनकी हैसियत के रूप में, मुख्यमंत्री के रूप में या 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में...।''

दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री भारद्वाज ने कहा, ''भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने एक समाचार एजेंसी से साक्षात्कार में यह कैसे कहा कि केजरीवाल को गिरफ्तार किया जाएगा? इसका मतलब है कि यह एक राजनीतिक साजिश है। पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं और राष्ट्रीय संयोजक होने के नाते केजरीवाल को प्रचार के लिए जाना है।''

भारद्वाज ने आरोप लगाया कि यह भाजपा का एक ''राजनीतिक षड्यंत्र'' है और वह विपक्षी दलों के नेताओं को निशाना बना रही है।

## बिहार नौका दुर्घटना: चार लोग अब भी लापता, मुख्यमंत्री ने अनुग्रह राशि का ऐलान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**छपरा/पटना/भाषा।** बिहार के सारण जिले में बृहस्पतिवार को सरयू नदी से तीन और लोगों को निकाला गया। इसके बाद एक दिन पहले हुई नौका दुर्घटना में बचाए गए लोगों की कुल संख्या 13 हो गई है। सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि मरने वालों की संख्या दो ही है तथा नदी से कोई और शव बरामद नहीं हुआ है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को सरयू नदी में एक नाव पलटने से दो महिलाओं की मौत हो जाने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा यहां जारी बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री कुमार सारण जिला के मांझी प्रखण्ड के मटियार में सरयू नदी में हुए नाव हादसे से दुखी हैं। मुख्यमंत्री ने नाव हादसे में मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दु:खद है। उन्होंने मृतक के परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। बुधवार शाम हुए इस हादसे के बाद से सरयू नदी से 3 और लोगों को निकाला गया। इस हादसे में बचाए गए लोगों की कुल संख्या अब 13 हो गई है।

# कांग्रेस ने बेरोजगारी के आंकड़ों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी की स्थायी विरासत रिकॉर्ड बेरोजगारी है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव जयराम रमेश ने 'सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी' के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत के पार चली गई है।

खरगे ने एक बयान में कहा, ''देश में बेरोज़गारी दर 10 प्रतिशत के पार है। मंदी और महंगाई के बीच मोदी सरकार ने ऐसा बेरोज़गारी मेला लगाया है जो करोड़ों युवाओं को दर-दर भटकने पर मजबूर कर रहा है। नरेन्द्र मोदी जी, आप पीआर स्टंट करके, जो कुछ हज़ार पहले से स्वीकृत' पदों पर भर्ती पत्र बांटने का काम करते हैं वो उन युवाओं की उम्मीदों और ज़ख़्मों पर नमक छिड़कने जैसा है जिन्हें सालों से नौकरियों का इंतज़ार है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''आपकी (प्रधानमंत्री) ज़्यादतियों का ख़ामियाज़ा सबसे अधिक एससी, एसटी, ओबीसी व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। कोविड के दौरान गई नौकरियों में से 90 लाख अच्छे वेतन वाली नौकरियां बिलकुल ग़ायब हो गई हैं।''

खरगे के मुताबिक, ग्रामीण भारत का हाल बदहाल है तथा मनरेगा में 20 प्रतिशत मांग बढ़ गई है, जो ऐतिहासिक 10.8 प्रतिशत



बेरोज़गारी दर से साफ़ दिखता है। उन्होंने कहा कि सरकार के आंकड़े खुद कहते हैं कि स्नातक की पढ़ाई करने वाले युवाओं में बेरोज़गारी दर 13.4 प्रतिशत है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया, ''अब आपके झूठे विज्ञापन और ध्यान भटकाने की नीति की नई तरकीबें नहीं चलेंगी। पांच राज्यों के चुनाव हों या आगामी लोकसभा चुनाव, भारत का युवा, अपने क़सूरवार से बदला ज़रूर लेगा।'' पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारत का बढ़ता मोदी-निर्मित आर्थिक संकट नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। सीईएम के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में बेरोज़गारी दर अब 10 प्रतिशत से ऊपर है जो 2 वर्षों में सबसे अधिक है जबकि यह पहले ही पांच दशकों का रिकॉर्ड तोड़ चुकी थी। ग्रामीण बेरोज़गारी अब 10.8 प्रतिशत है।'' उनका कहना है कि ''बेरोज़गारी का संकट गंभीर है यह मनरेगा के तहत काम की रिकॉर्ड मांग से और भी स्पष्ट हो गया है। मनरेगा करोड़ों भारतीयों के लिए रोज़गार का आख़िरी सहारा है। इसके तहत काम मांगने वालों की संख्या पिछले वर्ष से 20 प्रतिशत बढ़ गई है। काम की मांग करने वाले परिवारों की संख्या 2019 में कोविड-19 महामारी से पहले की तुलना में भी अधिक है।''

## कोहली ने तेंदुलकर को सबसे ज्यादा बार 1000 रन बनाने के रिकॉर्ड में पीछे छोड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**मुंबई/भाषा।** दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली श्रीलंका के खिलाफ गुरुवार को विश्व कप मुकाबले में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा बार 1000 रन बनाने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। तेंदुलकर ने एकदिवसीय में कैलेंडर वर्ष में सात बार 1000 से अधिक रन बनाये है जबकि कोहली ने आठवीं बार यह कारनामा किया।

इस मैच से पहले कोहली के नाम इस साल 966 रन थे। वह 94 गेंद में 88 रन बनाकर आउट हुए।

श्रीलंका के खिलाफ मैच में 11 ओवर में महीश तीक्षणा के खिलाफ एक रन लेकर कोहली ने मौजूदा वर्ष में 23 मैचों में 1000 रन के आंकड़े को छुआ।

तेंदुलकर ने साल 1994, 1996, 1997, 1998, 2000, 2003 और 2007 में वनडे क्रिकेट में 1000 रन से अधिक बनाये थे जबकि कोहली ने 2011, 2012, 2013, 2014, 2017, 2018, 2019 और 2023 में इस उपलब्धि को अपने नाम किया। विराट कोहली हालांकि एकदिवसीय में तेंदुलकर के 49 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी करने से चूक गये। वह 94 गेंद में 88 रन बनाकर आउट हुए। उनके नाम एकदिवसीय में 288 मैचों में 48 शतक है जबकि तेंदुलकर ने 463 एकदिवसीय मैचों में 49 शतक लगाये हैं।

## सुविचार

**कभी मत सोचना तुम जीत नहीं सकते, जिस दिन सोच लिया, उसी दिन हार जाओगे।**

### दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बदले-बदले से केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जो वादे कर राजनीति में आए थे, ऐसा प्रतीत होता है कि अब वे उनसे दूरी बनाते जा रहे हैं। 'ईमानदारी' के बूते व्यवस्था में बदलाव लाने की बात करने वाले केजरीवाल (अब खत्म हो चुकी) दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित एक मामले में पूछताछ के लिए गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए! इसके उलट, उन्होंने केंद्रीय जांच एजेंसी को पत्र लिखकर उन्हें भेजे गए समन को 'वापस लेने' की मांग कर दी और यह भी कहा कि नोटिस 'अस्पष्ट, (राजनीति से) प्रेरित और कानून के मुताबिक विचारणीय नहीं' है। क्या केजरीवाल भूल गए कि एक दशक पहले वे कहा करते थे कि 'सांच को आंच नहीं'। तब वे हर दल को कठघरे में खड़ा करते थे और ईमानदारी का सबूत मांगते थे! यही नहीं, केजरीवाल ने राजनीति में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करने का संकल्प लिया था। एक दशक बाद के केजरीवाल बदले-बदले से नजर आते हैं। अब वे भ्रष्टाचार के खात्मे की बातें उतने जोश से नहीं करते। जिस कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए वे दिल्ली की सत्ता में आए, आज उसी के नेतृत्व वाले 'इंडि' गठबंधन में मुस्कुराते हुए फोटो खिंचवा रहे हैं! शायद अब उनका उद्देश्य आम आदमी पार्टी (आप) का विस्तार करना रह गया है! अगर इसके लिए सिद्धांतों को ताक पर रखना पड़े तो उससे भी गुरेज़ नहीं करेंगे! चाहे ईडी के समक्ष पेश न होकर मध्य प्रदेश के सिंगरौली शहर में पार्टी उम्मीदवार के लिए रोड शो ही क्यों न करना पड़े। बेहतर होता कि केजरीवाल रोड शो के बजाय ईडी के समक्ष पेश होने को प्राथमिकता देते। बल्कि जिस तरह उनकी पार्टी की ओर से ईमानदारी के दावे किए जाते हैं, उसे ध्यान में रखते हुए उन्हें किसी समन का इंतजार ही नहीं करना चाहिए था, स्वयं उपस्थित होने की पेशकश करते और मामले से संबंधित पूरी जानकारी जांच अधिकारियों को उपलब्ध करा देते। अब तक दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता।

केजरीवाल के पास 'आप' को सबसे ईमानदार पार्टी साबित करने का बेहतरीन मौका था, जो उन्होंने रोड शो के नाम पर गंवा दिया। वे सवाल करते हैं- 'समन में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि मुझे एक व्यक्ति के तौर पर बुलाया गया है या दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक पद पर बैठे व्यक्ति के तौर पर अथवा 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर?' प्राय: ऐसे सवाल नेतागण तभी करते हैं, जब मामले को लंबा खींचना हो। अगर केजरीवाल यही जानना चाहते थे कि उन्हें किस हैसियत से बुलाया गया है, तो इसका जवाब उन्हें ईडी दफ्तर में मिल जाता। वहां जाने के बजाय सार्वजनिक रूप से सवाल दागने से यह संदेश जाता है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ईमानदारी और पारदर्शिता के उन दावों से दूर होते जा रहे हैं, जो वे अतीत में जोर-शोर से किया करते थे। बेशक ऐसे सवाल करना भी केजरीवाल का अधिकार है, लेकिन अगर वे इस समय 'वही पुराने आरोप' लगाने लग जाएंगे, जो प्राय: अन्य पार्टियां लगाती हैं / रही हैं, तो ईमानदारी की राजनीति का क्या हुआ? कहां गई पारदर्शिता? बल्कि केजरीवाल को तो ऐसे समन और हर तरह की जांच का खुले दिल से स्वागत करना चाहिए, चूंकि उनकी सरकार की ओर से कहीं कोई 'गड़बड़' नहीं हुई है। जब सबकुछ 'सही और साफ' है तो कैसी झिझक? उन्हें तो दुनिया की हर तेज-तर्रार एजेंसी की जांच के लिए दरवाजे खोल देने चाहिएं। इससे न केवल उनकी ईमानदारी पर लोगों का भरोसा और मजबूत होगा, बल्कि यह कदम उन्हें 'बड़े से बड़े' रोड शो से ज्यादा फायदा देगा। कहा गया है कि चूंकि केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक भी हैं। उनका मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं तेलंगाना में पार्टी के 'स्टार प्रचारक' के तौर पर यात्रा करना जरूरी है, जहां इस महीने विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सवाल है- 'आम' लोगों की पार्टी में 'स्टार' संस्कृति का क्या काम? यह चलन तो अन्य पार्टियों में है, जिन पर केजरीवाल आरोप लगाते रहे हैं कि वे खास लोगों की पार्टियां हैं, लिहाजा आम लोगों से उनका कोई लेना-देना नहीं है! दिल्ली के मुख्यमंत्री कहते हैं कि 'मैं उन्हें कहना चाहता हूं- केजरीवाल के शरीर को तो गिरफ्तार कर लेंगे, लेकिन केजरीवाल की सोच को कैसे गिरफ्तार करेंगे?' अगर केजरीवाल को जांच एजेंसियों पर भरोसा नहीं है तो वे कम से कम न्यायालय पर तो भरोसा करें। वे सत्य के रास्ते पर हैं तो पूछताछ के लिए सहर्ष उपस्थित हों। ईडी की जांच में कहीं कोई खामी रह गई तो वह न्यायालय में जरूर पकड़ी जाएगी और वहां 'पूरा-पूरा' न्याय होगा।

## ट्वीटर टॉक



प्रदेश को कांग्रेस के कुशासन से मुक्त कराना है। सुजानगढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी संतोष मेघवाल जी की नामांकन सभा रैली में जनता की मौजूदगी में सब ने कांग्रेस को इस बार वोट की चोट से सत्ता से बाहर करने का संकल्प ले लिया है।

**-राजेन्द्र राठौड़**



लक्ष्मणगढ़ परिवार के सानिध्य में कल 3 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करूंगा। मेरा विश्वास है कि आप अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर समर्थन और आशीष प्रदान करेंगे एवं लक्ष्मणगढ़ में विकास का परचम लहराने के संकल्प को मज़बूत करेंगे।

**-गोविंदसिंह डोटासरा**



राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशियों की तीसरी सूची आ गई है। सभी सूचियों में विजेताओं के नाम हैं जो राजस्थान के चहुँमुखी विकास के लिये मोदी जी की अगुवाई वाली डबल इंजन सरकार लेकर आएँगे। सभी साथियों को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएँ!

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**

## प्रेरक प्रसंग

# सेवा से पूजा

हजरत मूसा ने एक गरीब भेड़ चराने वाले गड़रिये को प्रार्थना करते सुना, 'ऐ खुदा आप कहां हैं? मैं आपकी सेवा करना चाहता हूं। मैं आपके जूते गांठ दूंगा। आपको अपनी बकरियों का दूध पिलाऊंगा।' मूसा ने तुरन्त भेड़ चराने वाले को इस तरह बात करने पर डांटा। लेकिन तुरन्त खुदा ने मूसा को झिड़का, 'तुमने मेरे सच्चे सेवक को क्यों भगा दिया?' खुदा ने पैगम्बर मूसा को धर्म का आधार बताया और कहा, 'मैं बीमार था तुम मुझे देखने नहीं आए। मैं भूखा था और तुमने मुझे खाना नहीं दिया।' मूसा ने प्रति प्रश्न किया, 'खुदा भला बीमार और भूखे कैसे हो सकते हैं?' खुदा ने पुनः कहा। मेरा फलां बन्दा बीमार था। मेरा फलां बन्दा भूखा था। अगर तुम उनके पास जाते, उनकी मदद करते तो तुम मुझे वहां देख पाते।' पैगम्बर मूसा की आंखें खुल गईं। वे दीन-दुखियों की सेवा में लग गए।

## सामयिक

# खुदकुशी का बढ़ता दायरा एवं विकृत होती संवेदनाएं

ललित गर्ग

मोबाइल : 9811051133

सभ्य समाज में आत्महत्या या छोटी-छोटी बातों पर हत्या कर देने की घटनाओं का बढ़ना गहन चिन्ता का विषय है। आत्महत्या एवं हत्या की खबरें तथाकथित समाज विकास की विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद तस्वीर को बयां करती है। इस तरह आत्महत्या एवं हत्या करना जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। इसका दंश वे झेलते हैं जिनका कोई अपना हत्या का शिकार हुआ या आत्महत्या कर चला जाता है, उनके प्रियजन, रिश्तेदार एवं मित्र तो दु:खी होते ही हैं, सम्पूर्ण मानवता भी आहत एवं शर्मसार होती है। गुजरात के सूरत से एक हैरतअंगेज एवं त्रासद मामले में एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत से हर कोई हैरान है। आर्थिक तंगी से जूझ रहा यह परिवार सूरत के अडाजन इलाके के सिद्धेश्वर अपार्टमेंट में रह रहा था, वहीं पर उनका बेटा मनीष उर्फ शान्तु सोलंकी पंखे से फांसी का फंदा लगाकर लटका था, जबकि कनुभाई उनकी पत्नी शोभनाबेन, मनीष की पत्नी रीटा, मनीष की 10 और 13 साल की दोनों बेटियां दिशा और काव्या साथ ही छोटा बेटा कुशल का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। ऐसी ही त्रासद घटना 1 जुलाई 2018 दिल्ली के बुराड़ी में भी हुई, जिसने हर किसी को दहला दिया था। आत्महंता होते व्यक्ति के लिये समस्याएँ विराट हो गई है एवं सहनशक्ति क्षीण हुई है, तभी ऐसी विकराल घटनाएं संस्कृति के भाल पर बदनुमा दाग बनती जा रही है।

आत्महत्या की ये त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण घटनाएं आज के अति भौतिकवादी एवं सुविधावादी युग की देन है। तकनीकी विकास ने मनुष्य को सुविधाएँ तो दीं लेकिन उससे उसकी मानवीयता, सहिष्णुता, विवेक, संतुलन छीन लिया। आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं से यह सवाल एक बार फिर प्रखरता से सामने आया है कि महानगरों में आखिर कैसे ऐसी स्थितियां बनती गई हैं कि लोगों में संघर्ष का साहस छीजता गया है और वे जीवन से हार कर सपरिवार खुदकुशी जैसे कदम उठाने लगे हैं। महानगरों में बढ़ती आर्थिक समस्याओं, कर्ज, तंगी, सामाजिक प्रतिष्ठा, बढ़ते असुरक्षा, अवसाद, कुंठा और जीवन के प्रति पलायनवादी दृष्टिकोण को लेकर चिंताएं बहुत पहले से प्रकट की जाती रही हैं, पर अब वे स्थितियां भयावह, चिन्ताजनक एवं खौफनाक स्तर तक पहुंच गई लगती हैं। जब सुविधावादी मनोवृत्ति सिर पर सवार होती हैं और उन्हें पूरा करने के लिये साधन नहीं जुटा पाते हैं तब कुंठित एवं तनावग्रस्त व्यक्ति को अन्तिम समाधान आत्महत्या में ही दिखता है।

आत्महत्या की समस्या दिन-पर-दिन विकराल होती जा रही है। कभी कोई विद्यार्थी, कभी कोई पत्नी, व्यापारी अथवा किसान, कभी कोई सिने-स्टार, कभी कोई सरकारी कर्मी तो कभी कोई प्रेमी-जीवन में समस्याओं से इतना घिरा हुआ महसूस करता है या नाउम्मीद हो जाता है कि उसके लिये जीवन से पलायन कर जाना ही सहज प्रतीत होता है और वह आत्महत्या कर लेता है। आत्महंता होते समाज में आत्महत्या का सबसे सामान्य तरीका कीटनाशक खाना, फांसी लगाना, रेल्वे के आगे कूद जाना, पानी में डूबना, पंखें से लटक जाना, जहर खा लेना और बंदूक हैं। कारोबार में घाटा, प्रेम में मिली विफलता, पारिवारिक कलह, कैरियर एवं उच्च शिक्षा परिणाम की चिन्ता आदि के चलते खुदकुशी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। महानगर लोगों में बेहतर, सुविधावादी और खुशहाल जीवन के सपने रोपते हैं। इसी आकर्षण में बहुत सारे लोग गांव और अपने छोटे कस्बे को छोड़ कर महानगरों की तरफ भागते हैं, लेकिन महानगरों के जीवन की समस्याएं एवं भयावह सत्य का जब सामने होता है तो जीवन जटिल एवं समस्याग्रस्त प्रतीत लगता है। भारत में होने वाली आत्महत्याओं के प्रमुख कारणों में बेरोगजारी, भयानक बीमारी का होना, पारिवारिक कलह, दांपत्य जीवन में संघर्ष, गरीबी, मानसिक विकार, परीक्षा में असफलता, प्रेम में असफलता, आर्थिक विवाद, व्यापारिक घाटा, बढ़ता कर्ज एवं राजनैतिक परिस्थितियां होती हैं।

जो परिवार तलाक, अलगाव, आर्थिक कलह-तंगी एवं अभावों, रिश्तों के कलह के कारण टूटी हुयी स्थिति में होते हैं उनमें भी आत्महत्या की घटनाएं अधिक पायी जाती हैं। राजनैतिक उथल-पुथल और व्यापार में नुकसान, आर्थिक तंगी भी आत्महत्या का कारण बनती है। किसानों की फसल की तबाही और कर्ज की अदायगी की चिंता से हो रही आत्महत्या भी गंभीर समस्या बन गई है। कर्ज लेकर घी पीने की जीवनशैली ने भी सबकुछ दांव पर लगा दिया है। औद्योगीकरण तथा नगरीकरण में वृद्धि भी इसके कारण है। भौतिक मूल्यों के बढ़ते हुए प्रभाव ने सामाजिक सामंजस्य की नई समस्याओं को जन्म दिया है। लेकिन आत्महत्या किसी भी सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज के भाल पर एक बदनुमा दाग है, कलंक हैं। टायन्बी ने सत्य कहा हैं कि कोई भी संस्कृति आत्महत्या से मरती है, हत्या से नहीं।'

> **आत्महत्या जहां जीवन से पलायन है वहीं छोटी-छोटी बातों पर हत्या कर देने की घटनाएं संवेदनहीनता को दर्शाती है। जो लोग एक दूसरे के साथ उठते-बैठते, खाते-पीते हैं, उनमें से कोई एक बहुत छोटी रकम के लेनदेन से उपजे विवाद में अपने दोस्त की हत्या तक कर देता हैं। आए दिन इस तरह की घटनाएं दिल्ली जैसे महानगरों के लिए चिंता का कारण बन रही हैं।**

हर कोई चाहता है कि वह अपने परिवार को अच्छी जिंदगी बसर करने का अवसर उपलब्ध कराए। इसलिए अनेक लोग उद्यम शुरू करते हैं। हालांकि उद्यम और व्यापार में उतार-चढाव के जोखिमों से हम वाकिफ होते हैं और इस तरह नुकसान से पार पाने के लिए पहले से तैयार भी रहते हैं। पर पिछले कुछ सालों से व्यापार में घाटे और कर्ज का बोझ बढ़ने की वजह से खुदकुशी की घटनाएं बढ़ी हैं। यह प्रवृत्ति केवल बड़े नुकसान उठाने वाले व्यापारियों में नहीं, छोटे और खुदरा व्यापार करने वालों में भी देखी गई है, जो अक्सर बहुत आसानी से अपना धंधा बदल लेने को तैयार रहते हैं। निश्चित रूप से इसके लिए देश की व्यापारिक स्थितियां जिम्मेदार हैं, पर इसमें सामाजिक बेपरवाही और संवेदनात्मक संकुचन भी कम जिम्मेदार नहीं है। यह ठीक है कि पिछले कुछ समय से देश में कारोबारी स्थितियां अच्छी नहीं हैं, बहुत सारे लोगों को अपने धंधे बंद करने पड़े, कई कारोबारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है, बहुत सारे लोगों का रोजगार छिन गया है, पर इसका अर्थ यह नहीं कि इससे पार पाने के लिए उन्होंने जीवन समाप्त करने का रास्ता ही चुना।

आत्महत्या जहां जीवन से पलायन है वहीं छोटी-छोटी बातों पर हत्या कर देने की घटनाएं संवेदनहीनता को दर्शाती है। जो लोग एक दूसरे के साथ उठते-बैठते, खाते-पीते हैं, उनमें से कोई एक बहुत छोटी रकम के लेनदेन से उपजे विवाद में अपने दोस्त की हत्या तक कर देता हैं। आए दिन इस तरह की घटनाएं दिल्ली जैसे महानगरों के लिए चिंता का कारण बन रही हैं। गौरतलब है कि दिल्ली के द्वारका में डाबरी थाना इलाके में महज पांच सौ रुपए को लेकर हुए विवाद के बाद दो दोस्तों के मारपीट हुई और एक युवक ने दूसरे की चाकू से गोदकर हत्या कर दी, इस वारदात की वजह और प्रकृति से किसी भी व्यक्ति का चिंतित होना स्वाभाविक है। यों देश की राजधानी होने के बावजूद चोरी-झपटमारी से लेकर गंभीर या जघन्य अपराधों के मामले में दिल्ली की तस्वीर परेशान करती है। पिछले कुछ समय से किसी का हाथ छू जाने पर तो कहीं बहुत छोटी रकम चुकाने जैसी बातों पर भी दो पक्ष आपस में भिड़े और उसमें किसी की जान चली गयी। सड़क पर वाहन चलाने के दौरान होने वाली हिंसक घटनाओं के दौरान यही साफ होता है कि सामान्य विवेक का इस्तेमाल कर मसले को सुलझाने की बजाय लोग पहले हिंसा का ही सहारा लेते हैं। वक्त के साथ आधुनिक होते समाज में उम्मीद की जाती है कि लोगों के बीच संवेदनशीलता, मानवीयता एवं अहिंसा के सूत्र गहरे होंगे, वे आपस में सहयोग की जड़ों को और मजबूत करेंगे। मगर ऐसा लगता है कि न केवल संवेदना, सहिष्णुता और सहयोग की जगह खत्म होती जा रही है, बल्कि हालत यह है कि बेहद मामूली बातों के लिए भी लोग जानलेवा हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। इसका सीधा-सा अर्थ तो यही हुआ कि आज ज्यों-ज्यों विकास एवं सुविधावाद के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं, त्यों-त्यों सहिष्णुता-संवेदना के आदर्श धूल-धूसरित हो रहे हैं और मनुष्य आत्महंता एवं हिंसक होता रहा है।

## विशेष

# चुनावी सर्वे : कायम रहेगा राजस्थान में सरकार बदलने का रिवाज़

बाल मुकुन्द ओझा

चुनाव आते ही सर्वेक्षणों की बहार आ जाती है। खबरिया चैनल सर्वे एजेंसियों के माध्यम से इस प्रकार के सर्वे कराकर जनता की राय लोगों के समक्ष रखने का प्रयास करती है और संभावित जीत- हार के अनुमान पेश करती हैं। कई बार इन सर्वेक्षणों के नतीजे चुनावी नतीजों के करीब बैठते हैं तो कई बार औंधे मुंह गिर जाते हैं। मतदाताओं का मूड भांपने का दावा करने वाले ऐसे सर्वेक्षणों में कई बार लोगों और राजनीतिक दलों की दिलचस्पी दिखाई देती है। चुनाव आयोग ने सात नवम्बर से इस प्रकार के किसी भी सर्वे पर रोक लगा दी है। हम बात कर रहे है राजस्थान में 25 नवम्बर को होने जारहे विधान सभा चुनाव की। अभी सत्तारूढ़ कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने अपने पूरे पत्ते नहीं खोले है। जितनी सीटों पर उम्मीदवार घोषित किये है उनमें बहुत सी सीटों पर दोनों पार्टियों को बगावत का सामना करना पड़ रहा है। दल बदल का सिलसिला भी शुरू है। राजस्थान में पिछले कई चुनावों से हर पांच साल में सत्ता बदलने का रिवाज़ है। इस रिवाज़ को बदलने के लिए जहाँ सत्तारूढ़ कांग्रेस अपनी लोक कल्याणकारी योजनाओं का पासा फेंक कर जीत के लिए जी तोड़ प्रयासरत है तो भाजपा नाकामियां गिनाकर चुनाव जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। ताज़ा ओपनियन पोल टाइम्स नाउ नवभारत और ईटीजी ने कराया है जिसमें भाजपा के जीत की भविष्यवाणी की गई है। टाइम्स नाउ नवभारत और ईटीजी के ताजा सर्वे के मुताबिक राज्य में बीजेपी की सरकार बनेगी। सत्तारूढ़ कांग्रेस बहुमत से काफी दूर रहेगी। सर्वे के अनुसार बीजेपी को 114 से 124 सीटें मिल सकती है।

इससे पूर्व राजस्थान के दो सर्वे चर्चा में रहे थे जो कुछ माह पूर्व कराये गए थे । दोनों अलग अलग एजेंसियों द्वारा कराये गए। दोनों ही सर्वे में भाजपा को आगे दिखाया गया। इसका मतलब यह निकाला जा रहा है की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बांटी जा रही रेवड़ियों को मतदाताओं ने सिरे से नकार दिया है।

## चिंतन

# कैसे बचेगी बेटी, कैसे पढ़ेगी बेटी?

मनोज कुमार अग्रवाल

मोबाइल : 9219179431

दिनदहाड़े ओटो में बैठी छात्रा के हाथ से मोबाइल लूट के दौरान बदमाशों द्वारा ओटो से भिड़ने वाली बहादुर छात्रा कीर्ति सिंह आखिर जिंदगी की जंग हार गई। उसने गाजियाबाद के यशोदा हॉस्पिटल में इलाज के 48 घंटे बाद दम तोड़ा। छात्रा की मौत ने एक बार फिर बेटी बचाओ बेटी सुरक्षा के नारे पर सवालिया निशान लगा दिया है वहीं सरकार के बेटियों की सुरक्षा सम्मान को बचाने के लिए किया जा रहे तमाम दावों पर भी पानी फिर दिया है आपको याद होगा कि करीब 2 महीने पहले इसी तरह की घटना यूपी के अंबेडकर नगर में हुई थी जहां लड़की का दुपट्टा खींचने की कोशिश करने वाले दो बदमाशों से बचने के चक्कर में एक स्कूली छात्रा सड़क पर गिरकर मोटरसाइकिल से कुचल दी गई थी और लड़की की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का बयान आया था की प्रदेश में यदि लड़कियों की सुरक्षा के साथ कोई भी खिलवाड़ होती है तो अगले चौराहे पर ऐसे लुटेरे और मनचले का इंतजार यमराज कर रहे होंगे। दो महीने के अंतराल के बाद एक बार फिर गाजियाबाद में घटी थी इस घटना ने मुख्यमंत्री के उन तमाम दावों पर पानी फेर दिया है जिनको लेकर उत्तर प्रदेश का हर अभिभावक विश्वास और भरोसा करता है और अपनी लड़कियों कीजान व सम्मान की सुरक्षा समझते हुए योगी बाबा के भरोसे पर पढ़ाई और दूसरे कामों के लिए घर से बाहर भेजने की हिम्मत जुटा पाता है।

आपको बता दें बदमाशों का शिकार बनी होनहार छात्रा कीर्ति ऑटो पर किनारे की तरफ बैठी हुई थी। लुटेरों की नजर उसके मोबाइल पर थी। वो झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने की फिराक में थे इसी बीच मसूरी थाना क्षेत्र के डासना फ्लाईओवर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर बाइक सवार बदमाशों ने उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की। लेकिन कीर्ति ने पूरी ताकत से विरोध किया। कीर्ति ने मोबाइल नहीं छोड़ा तो बदमाशों ने झटका देकर उसे ऑटो से नीचे घसीट लिया। कीर्ति 15 मीटर तक सड़क पर घिसटती रही। फिर भी उसने हार नहीं मानी। लुटेरे उसे कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गए। आखिरी तक कीर्ति बाइक सवार लुटेरों से लोहा लेती रही। इस दौरान उसके सिर में गंभीर चोट आ गयी। वो बुरी तरह घायल हो गई। उसके साथ चल रही सहेली ने उसे अस्पताल पहुंचाया और घरवालों को सूचना दी। कीर्ति सिंह के शरीर में दो फ्रैक्चर हुए थे। सिर में भी गंभीर चोट आई थी। ऑटो से सिर के बल गिरने के कारण सिर की हड्डी टूट गई थी। वो आईसीयू में भर्ती थी।कीर्ति ने अस्पताल में 48 घंटे तक



जिंदगी की जंग लड़ी। मगर वो ये जंग हार गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिनदहाड़े चलती सड़क पर ऑटो में बैठी छात्रा के साथ इस तरह की वारदात निश्चित रूप से बदमाशों के बुलंद हौसलों को बताती है यह घटना बताती है कि मुख्यमंत्री कितने भी बयान दें लेकिन उनकी पुलिस सुधारने के लिए तैयार नहीं है। यदि पुलिस थोड़ा भी सचेत होती तो इस तरह के मवाली गुंडे राह चलती छात्रा के हाथ से मोबाइल छीनकर उसे मौत के मुंह में धकेलने की हिम्मत नहीं कर पाते। जैसा कि हर मामले में होता है घटना के बाद जागी पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी बॉबिल उर्फ बलवीर को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान बॉबिल के पैर में गोली लगी, इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया, वहीं दूसरा आरोपी जितेंद्र उर्फ जीतू फरार था ताज़ा जानकारी के अनुसार उसे आज सोमवार की तड़के पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया।

ज्ञात हो कि घटना के बाद मसूरी थाना रविंद्र चंद्र पंत को सस्पेंड करने के साथ ही अब तक थाने से तैनात तीन सब इंस्पेक्टर हटाए जा चुके हैं। मात्र 18 साल की कीर्ति सिंह इंजीनियर बनने के सपने लेकर गाजियाबाद के एबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन लिया था या उसके कॉलेज का पहले या दूसरा ही दिन था कि उसके साथ यह वारदात कर दी गई एक मां-बाप के अपनी बेटी को इंजीनियर बनने के सपने तो दरस्त हुई गए बल्कि उन्हें अपनी प्यारी संतान से भी हाथ धोना पड़ा यह घटना अपने आप में बहुत संगीत है कीर्ति इस परिवार की इकलौती बेटी थी इकलौती बेटी को खोकर पिता रविंद्र सिंह पत्नी संतोष और भाई अंकित का बुरा हाल है कीर्ति ने बहुत अच्छे नंबरों से हाल ही में इंटर की परीक्षा पास की थी मैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती थी उसके माता-पिता ने एक माह पहले ही उसका दाखिला कराया था किसी को नहीं पता था कि कुछ बदमाशों की करतूत कीर्ति की जिंदगी के लिए इतनी भारी साबित होगी इस जान कमाने वाली बेटी के पिता रविंद्र कुमार रेलवे के लोको पायलट है यहां यह भी गौरतलब है कि अभी हाल ही में नवरात्रों से पहले 23 अक्टूबर को मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुरुआत की थी इसके तहत पिंक बूथ पिंक मोबाइल शक्ति दीदी और बेटियों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता के तमाम कार्यक्रमों में पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी लेकिन बेटियों की सुरक्षा के लिए जो पुलिस को तत्परता जागरूकता और सजकता का पाठ पढ़ना था उसे पढ़ने में शायद उत्तर प्रदेश की सरकार नाकाम रही। लड़कियों महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और लूटपाट बाजार में महिलाओं के साथ झपट मारी चैन स्नैचिंग छात्राओं के साथ राह चलते छेड़छाड़ अब भी जारी है।

इस बेहद शर्मनाक घटना के बाद अपनी गिरती छवि को मैनेज करने में लगी पुलिस ने आनन फानन में सोमवार के तड़के कल्लुगढी मसूरी थाना क्षेत्र निवासी फरार अपराधी जितेंद्र उर्फ जीतू को एक एनकाउंटर में देर कर दिया जितेंद्र रूप जीतू पर लूटपाट के 9 मामले दर्ज है वह एक कुख्यात अपराधी था। इस वारदात में वह बाइक पर पीछे बैठा था और आरोप है कि उसने ही छात्रा को ओटो से खींचा था। सवालिया निशान यह है कि इस तरह की घटनाओं से आखिर निजात कब मिलेगी? कानून अपना काम क्यों नहीं कर पा रहा है?

गंभीर मामलों में गिरफ्तार अभियुक्त किस तरह खुले घूम रहे हैं और दोबारा अपराध करने की हिम्मत जुटा रहे हैं? यह कहना सही है कि योगीराज में इतना संभव हो सका कि छात्रा के हत्यारे लुटेरे बदमाशों में से एक को पुलिस ने मार गिराया है लेकिन सिर्फ इतना पर संतोष कर लेना कानून व्यवस्था की हालत से आंख मीचना होगा जरूरत इस बात की है कि उत्तर प्रदेश की सरकार एक बार फिर तमाम घटनाओं और प्रदेश में अपराध में जुटे बदमाशों की कुंडली तैयार करें और उनके खिलाफ समुचित कार्रवाई कर उन्हें प्रदेश से बाहर करें अथवा जेल के सींखचों के अंदर भेजें। वही अदालत ऐसे मामलों में त्वरित सुनवाई कर दंडित करने का संकल्प लें ताकि बेटियां अभय होकर जीवन जी सकें।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# परमार्थ कार्यों में लगातार दूसरे साल सबसे उदार भारतीय बने हुए हैं शिव नादर : रिपोर्ट

**मुंबई/भाषा**

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शिव नादर ने परमार्थ कार्यों के मामले में इस साल भी 'सबसे उदार भारतीय' के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है। जरूरतमंदों के लिये उनका योगदान इस दौरान 76 प्रतिशत बढ़कर 2,042 करोड़ रुपये रहा।

एडेलगिव हुरुन इंडिया की बढ़-चढ़कर परमार्थ कार्य करने वालों की इस साल की सूची के अनुसार इस दौरान विप्रो के अजीम प्रेमजी का दान 267 प्रतिशत बढ़कर 1,774 करोड़ रुपये रहा और वे सूची में दूसरे स्थान पर रहे। सबसे अमीर भारतीय मुकेश अंबानी ने इस साल 376 करोड़ रुपये का दान जरूरतमंदों के लिये दिया। यह पिछले साल से आठ प्रतिशत कम है। वह सूची में तीसरे सबसे उदार व्यक्ति बने रहे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक की संपत्ति इस दौरान दो प्रतिशत बढ़कर 8.08 लाख करोड़ रुपये हो गई। दूसरे सबसे अमीर भारतीय गौतम अडाणी दो स्थान ऊपर चढ़कर सूची में पांचवें सर्वाधिक उदार भारतीय बन गये। उन्होंने जरूरतमंदों की मदद के लिये 285 करोड़ रुपये का योगदान दिया, जो 50 प्रतिशत ज्यादा है। हुरुन की हाल की रिपोर्ट में अडाणी की संपत्ति 4.74 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है।

हुरुन की अक्टूबर में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार नादर की संपत्ति 2.28 लाख करोड़ रुपये आंकी गई थी और वह सॉफ्टवेयर उद्योग के प्रमुख चौथे सबसे अमीर भारतीय थे। वहीं विप्रो के प्रेमजी 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ 58वें स्थान पर थे। आदित्य बिड़ला समूह के कुमार मंगलम बिड़ला ने 287 करोड़ रुपये के दान के साथ चौथे सबसे उदार भारतीय के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा।

रिपोर्ट के अनुसार, कुछ व्यक्तियों और परिवारों ने दान देने वालों की सूची में शीर्ष 10 में जगह बनाने के मामले में छलांग लगायी है। इसमें बजाज परिवार के साथ-साथ साइरस एस पूनावाला और अदार पूनावाला और रोहिणी नीलेकणी भी शामिल हैं। हुरुन इंडिया के मुख्य शोधकर्ता और प्रबंध निदेशक अनस रहमान जुनैद ने कहा कि जैसे-जैसे धन का विस्तार हो रहा है, पारिवारिक स्तर पर परमार्थ कार्य बढ़ रहे हैं। भोजन, कपड़े और छात्रवृत्ति जैसी आवश्यक चीजें प्रदान करने के कार्यों से लेकर ये लोग नये और विकास की रफ्तार में पीछे रह गये क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि सूची का प्राथमिक लक्ष्य दूसरे की मदद के लिये गये गये प्रयासों को स्वीकार करना है और यह सुनिश्चित करना है कि उनका प्रभाव समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। महिलाओं में रोहिणी नीलेकणि परमार्थ कार्यां में सबसे उदार महिला रही। इसके अलावा, थर्मैक्स की अनु आगा और लीना गांधी तिवारी सहित अन्य लोग भी दान देने वालों की सूची में शामिल हैं। शेयर बाजार में कारोबार की सुविधा देने वाली कंपनी जीरोधा के 37 वर्षीय सह-संस्थापक निखिल कामत सूची में सबसे कम उम्र के दानदाता हैं।

एलएंडटी के एएम नाइक 150 करोड़ रुपये के दान के साथ पेशेवरों में सबसे बड़े दानकर्ता रहे। उन्हें दानदाताओं की सूची में 11वां स्थान मिला।

## यूएई में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी जवान

मुंबई/एजेन्सी। शाहरुख खान की फिल्म जवान, एटली कुमार द्वारा निर्देशित और नयनतारा, विजय सेतुपति, दीपिका पादुकोण, संजय दत्त और अन्य कलाकारों द्वारा अभिनीत, 54 दिनों के बाद लगभग 1165 करोड़ रुपये के वैश्विक संग्रह के साथ बॉक्स ऑफिस पर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर है। यह फिल्म भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी मूल फिल्म के रूप में उभरी है और बाहुबली 2, केजीएफ 2 और आरआरआर के बाद अब तक की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई है। इस दौरान इसने भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई रिकॉर्ड तोड़े हैं।

## एकता यात्रा



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा गुरुवार को श्रीनगर में राष्ट्रीय एकता यात्रा में भाग लेने वाले लद्दाख के हनु आर्यन घाटी के छात्रों के साथ।

## नियुक्ति पत्र



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को रांची के प्रोजेक्ट भवन में पशु चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए।

# तीन महासागरों जितनी गर्मी अकेले दक्षिणी अंटार्कटिक ने सोखी

**नई दिल्ली/भाषा**

अंटार्कटिका या दक्षिणी महासागर के आसपास के दक्षिणी जल ने पिछले दो दशकों में मानव गतिविधि के कारण होने वाली गर्मी की सबसे अधिक मात्रा को अवशोषित किया है, जो अटलांटिक, प्रशांत और हिंद महासागर द्वारा झेली गई कुल गर्मी के लगभग बराबर है। शोधकर्ताओं के एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई।

ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय (यूएनएसडब्ल्यू) के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने कहा कि 1990 के दशक के बाद से महासागरों के गर्म होने में नाटकीय रूप से तेजी आई है, जो 1990-2000 की तुलना में 2010-2020 के दौरान लगभग दोगुनी हो गई है।

'नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल' में प्रकाशित अपने अध्ययन में उन्होंने कहा कि समुद्र के तापमान में वृद्धि का क्षेत्र-वार वितरण हालांकि एक समान नहीं था और इस प्रकार मिली नई जानकारी ने समुद्र के स्तर में वृद्धि और जलवायु प्रभावों के बारे में हमारी समझ पर प्रभाव डाला।

मानव गतिविधि के कारण हरित गैसों के वायुमंडलीय स्तर में वृद्धि, पृथ्वी की जलवायु प्रणाली के भीतर गर्मी को रोकती है, हवा, भूमि और महासागरों को गर्म करती है, और ध्रुवीय बर्फ को पिघलाती है।

महासागर इस गर्मी का अधिकांश भाग ग्रहण करते हैं, मानव-जनित अतिरिक्त गर्मी का 90 प्रतिशत से अधिक अवशोषित करते हैं, जिससे वायुमंडलीय तापमान में वृद्धि नियंत्रित होती है।

'यूएनएसडब्ल्यू सेंटर फॉर मरीन साइंस एंड इनोवेशन' के अध्ययन के सह-लेखक मैथ्यू इंग्लैंड ने कहा, हालांकि समुद्र के गर्म होने से जलवायु परिवर्तन की गति को धीमा करने में मदद मिलती है, लेकिन इसके लिये भी कीमत चुकानी पड़ती है।

प्रमुख शोधकर्ता झी ली ने कहा, इस अध्ययन में हम जो करना चाहते थे वह यह पता लगाना था कि समुद्र में गर्मी कहां से बढ़ रही है।

# सीतारमण ने श्रीलंका के त्रिंकोमाली में एसबीआई की शाखा का किया उद्घाटन

**कोलंबो/भाषा**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को श्रीलंका के पूर्वी बंदरगाह शहर त्रिंकोमाली का दौरा किया और वहां उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक शाखा का उद्घाटन किया।

सीतारमण ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार में कॉरपोरेट जगत को समर्थन देने में एसबीआई की भूमिका की सराहना भी की। सीतारमण श्रीलंका की तीन दिन की यात्रा पर हैं। त्रिंकोमाली में भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा खोलने से पहले बहु-जातीय शहर में मुख्य हिंदू मंदिर में जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करके उन्होंने अपने दिन की शुरुआत की।

उद्घाटन समारोह में पूर्वी प्रांत के गवर्नर सेंथिल तोंडामन, श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले और एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश खारा उपस्थित रहे। शाखा का उद्घाटन करने के बाद सीतारमण ने एसबीआई की सराहना की और कहा कि अपनी 159 वर्षों की महत्वपूर्ण उपस्थिति के साथ यह श्रीलंका का सबसे पुराना बैंक है और देश तथा विदेश में अपना कारोबार बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के आर्थिक संकट के दौरान यहां एसबीआई की उपस्थिति ने भारत द्वारा श्रीलंका को एक अरब अमेरिकी डॉलर की ऋण सुविधा के सुचारू विस्तार का मार्ग प्रशस्त किया। इसके अलावा एसबीआई श्रीलंका अंतरराष्ट्रीय व्यापार में कॉरपोरेट जगत का समर्थन करके महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सीतारमण ने बाद में बंदरगाह शहर में लंका इंडियन ऑयल कंपनी परिसर का दौरा भी किया। सीतारमण की यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही जब दोनों देशों के बीच आर्थिक तथा प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते (ईटीसीए) पर 12वें दौर की बैठक लंबे अंतराल के बाद आयोजित की गईं। यह वार्ता 2018 से रुकी थी।

जुलाई के अंत में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की दिल्ली यात्रा के बाद 30 अक्टूबर से एक नवंबर के बीच यह वार्ता की गई।

# आज रिलीज होगी सुष्मिता सेन की 'आर्या सीजन-3'

**मुंबई/वार्ता**



बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन की वेबसीरीज आर्या सीजन 3 ,03 नवंबर से डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। राम माधवानी द्वारा रचित और सह-निर्देशित एवं अमिता माधवानी, राम माधवानी, राम माधवानी फिल्म्स और एंडेमोल शाइन इंडिया द्वारा सह-निर्मित 'आर्या सीजन 3' ,03 नवंबर से डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। 'आर्या सीजन 3' के बारे में सुष्मिता सेन ने बताया कि शूटिंग के माहौल और सेट-अप ने कैसे उनकी मदद की। 'आर्या 3' में आर्या सरीन का किरदार निभाने वालीं सुष्मिता सेन ने कहा, मुझे काम पर लौटने की जल्दी थी और मेरा मानना है कि किसी स्थिति के बारे में आप बैठकर जितना सोचते हैं, उतने ही उसमें फंसते जाते हैं। जिन्दगी की किसी भी चुनौती को पीछे छोड़ देने का एक ही तरीका है आगे बढ़ते रहना और मुझे सिर्फ अपने डॉक्टर से हरी झंडी चाहिये थी। पहले मैंने सोचा भी नहीं था कि मुझे हार्ट अटैक आने के सिर्फ एक महीने बाद मैं ऐक्शन सीन्स की शूटिंग कर सकूंगी, लेकिन मुझे अपनी टीम और राम माधवानी फिल्म्स तथा डिज्नी+ हॉटस्टार की टीमों पर जो भरोसा था, वह काफी था।

सेट पर लौटने के लिये मेरा आत्मविश्वास यह जानने से पनपा कि मुझे कभी भी जरूरत पड़ने पर सहयोग मिलेगा, चाहे लोगों के रूप में या मेडिकल के मामले में।



# फिल्म 'डंकी' का टीजर रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की आने वाली फिल्म डंकी का टीजर रिलीज कर दिया गया है। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी का टीजर आज शाहरुख खान के जन्मदिन पर रिलीज किया गया है।टीजर में पांच दोस्तों की कहानी को दिखाया गया है। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए शाहरुख खान ने लिखा कि अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश कर रहे सरल और वास्तविक लोगों की कहानी। दोस्ती, प्यार और साथ रहने काएक रिश्ते में रहने का जिसका नाम घर है। दिल को छूने वाले कहानीकार की की दिल छूने वाली कहनी। इस यात्रा का हिस्सा बनना सम्मान की बात है और मुझे उम्मीद है कि आप सभी हमारे साथ इस यात्रा का हिस्सा बनेंगे। फिल्म डंकी शाहरुख खान के अलावा तापसी पन्नू, विक्की कौशल, दिया मिर्जा, धर्मेंद्र, बोमन ईरानी, सतीश शाह, अहम भूमिका में हैं।

# मेरे फिल्मों में आने के पीछे मेरे छोटे भाई अजिताभ का हाथ : अमिताभ बच्चन

**नई दिल्ली/एजेन्सी**



बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने एक किस्सा साझा करते हुए कहा कि वह अपने छोटे भाई अजिताभ बच्चन की वजह से फिल्म उद्योग में आए। बिग बी इन दिनों रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 15 होस्ट कर रहे हैं। शो में उन्होंने दिल्ली के 'बिंदास भाटिया' का स्वागत किया। तीनों प्रतियोगियों से बातचीत के दौरान अमिताभ ने कहा, मैं आपको बता दूं कि भाई-बहन या भाई का रिश्ता छोटे के लिए हमेशा एक सुरक्षात्मक माहौल बनाता है। हम उनका ख्याल रखते हैं। उन्होंने साझा किया, मेरा एक छोटा भाई भी है। हमारी उम्र में पांच-छह साल का अंतर है। मैं हमेशा उसकी सुरक्षा के बारे में सोचता था। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह फिल्मों में मेरे प्रवेश का कारण है।

प्रतियोगियों ने उत्तर दिया: सर, हम आपके भाई को विनम्रतापूर्वक सलाम करते हैं। 'शोले' फेम एक्टर ने आगे कहा, मेरे भाई ने ही सबसे पहले मुझसे कहा था कि तुम्हें फिल्मों में काम करना चाहिए। मैं कोलकाता में काम कर रहा था। उन्होंने बेहतरीन पोज के साथ मेरी तस्वीरें क्लिक की और भेज दीं। हालांकि, मुझे अस्वीकार कर दिया गया। लेकिन, उन्होंने ही वह विचार मेरे दिमाग में डाला, और मैंने यह करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी। 'कौन बनेगा करोड़पति 15' सोनी पर प्रसारित होता है।



# गेल गैस ने बेंगलूरु में सीएनजी प्रमोशनल योजना की शुरुआत की

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। गेल गैस ने बेंगलूरु में यात्रा को अधिक लागत प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए बुधवार को सीएनजी प्रमोशनल योजना शुरु करने की घोषणा की। दो महीने की योजना पुरस्कार पाने के लिए सीमित समय का अवसर देती है। गेल गैस लि. बेंगलूरु के सीजीएम (सीजीडी) और प्रभारी अधिकारी हिरदेश कुमार ने अन्य अधिकारियों के साथ मारुति, उबर, ओला, एचपीसीएल, फ्लीट ऑपरेटर, डीलर्स और रेट्रोफिटर्स के भागीदारों की मौजूदगी में योजना शुरु की।

बता दें कि सीएनजी प्रमोशनल योजना वाणिज्यिक वाहनों के लिए स्वच्छ और कार्यक्षम कंप्रेश्ड प्राकृतिक गैस के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार की गई है। यह पहल नए और रेट्रोफिटेड वाणिज्यिक वाहनों दोनों को महत्त्वपूर्ण लाभ देकर सीएनजी अपनाने को प्रोत्साहित करती है। यह योजना वाणिज्यिक वाहनों की दो श्रेणियों पर लागू है: नए वाणिज्यिक सीएनजी वाहन- इस श्रेणी में प्रत्येक 14000 रुपए के लाभ के साथ नए यात्री ऑटो रिक्शा (3डब्ल्यू), 25000 रुपए के लाभ के साथ नए छोटे और मध्यम भार वाहक और 75000 रुपए के लाभ के साथ नई बसें और ट्रक शामिल हैं। इसके अलावा, थोक खरीद को प्रोत्साहित करने के लिए नई वाणिज्यिक टैक्सियों को विभिन्न स्लैब के तहत 25000 रुपए तक का लाभ दिया जा रहा है। पुराने वाणिज्यिक वाहनों का रेट्रो फिटमेंट: इस श्रेणी में क्रमशः 75000 रुपए और 25000 रुपए के लाभ के साथ बसों/ट्रकों और छोटे और मध्यम भार वाहक वाहनों का सीएनजी रेट्रो फिटमेंट शामिल है। वर्तमान में, गेल गैस भौगोलिक क्षेत्र में 1.90 लाख किलोग्राम की दैनिक सीएनजी बिक्री करती है। बेंगलूरु में 51,000 से अधिक पंजीकृत सीएनजी वाहन हैं और इंटरसिटी ईंधन के रूप में सीएनजी के उपयोग में तेजी आई है। बेंगलूरु के आसपास के शहर भी सीएनजी उपलब्धता की पेशकश कर रहे हैं। पर्यटक सीएनजी कॉरिडोर, जिसमें मैसूरु, होसूर, तुमकूरु, रामनगर, हैदराबाद और दक्षिण कन्नड़ (गेल गैस) जैसे शहर शामिल हैं, स्वच्छ परिवहन समाधान के रूप में सीएनजी की बढ़ती पहुंच और प्रभाव को दर्शाता है। सीएनजी वाहन पेट्रोल और डीजल जैसे अन्य ईंधन की तुलना में बेहतर लागत देते हैं।

# रजनीकांत के फैन ने घर में ही बना डाला मंदिर, स्थापित की 250 किलो की मूर्ति

**नई दिल्ली/एजेन्सी**



रजनीकांत फैन फॉलोइंग साउथ में ही नहीं बल्कि बॉलीवुड और देशभर में है। उन्होंने हिंदी से लेकर दक्षिणी सिनेमा जगत में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। वो इंडस्ट्री के ऐसे एक्टर हैं, जिनकी लोग भगवान की तरह पूजा करते हैं और कोई फिल्म रिलीज होने वाली होती है तो वो उस मूवी को पोस्टर को रिलीज से पहले दूध से नहलाते हैं। अब इसी कड़ी में उनके एक जबरा फैन ने घर में थलाइवा का मंदिर बनवा दिया है। उसने कहा कि वो उन्हें भगवान की तरह मानता है।

अब रजनीकांत को लेकर सामने आई इस खबर से सभी शॉक्ड हैं लेकिन ये सच बात है। मामला तमिलनाडु के मदुरै का है। मंदिर की एक और खास बात ये है कि इसमें एक्टर की 250 किलो की मूर्ति भी स्थापित की गई है। रजनीकांत के इस फैन का नाम कार्तिक बताया जा रहा है। एएनआई से बात करते हुए शख्स ने कहा, वो हमारे लिए भगवान के समान हैं। मैंने उनके सम्मान में मंदिर बनवाया है। इतना नहीं शख्स ने आगे कहा, मैं रजनीकांत के अलावा किसी भी एक्टर्स की फिल्म नहीं देखता। मेरे लिए वो भगवान हैं। मैंने उनके लिए मंदिर बनवाया है। हम पांच पीढ़ियों से रजनीकांत के फैन रहे हैं। रजनीकांत के फैन के इस बयान से समझ सकते हैं कि उनकी दीवानगी किस कदर लोगों में है।

वो ना केवल फिल्म देखते हैं बल्कि भगवान की तरह मानते भी हैं। वहीं, रजनीकांत भी अपने प्रशंसकों पर प्यार लुटाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। वो उनसे मिलने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करवाते हैं। रजनीकांत की हाल ही में प्रदर्शित हुई फिल्म जेलर ने बॉक्स ऑफिस पर 700 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है। इस फिल्म का निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार ने किया है, जिनकी पिछली फिल्म थलापति विजय के साथ बीस्ट रही थी। आने वाले समय में रजनीकांत की थलाइवर 170 है, जिसमें वे 32 साल बाद अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन पर काम करते नजर आएंगे। इससे पहले इन दोनों सितारों को एक साथ एस.रामानाथन द्वारा निर्मित और प्रयागराज द्वारा निर्देशित गिरफ्तार में देखा गया था। इस फिल्म में दोनों दोस्तों की भूमिका निभाई थी।

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

8

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com

चेन्नई | शुक्रवार | 03-11-2023   /dakshinbharat   /dakshinbharat   DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8


आगम उसे कहते हैं, जो दोषों को घटाएं और गुणों को बढ़ाएं। परमात्मा की वाणी धन्य है। तीनों लोक में उज्जवल है। यह वाणी देवलोक के सुख से भी अमूल्य है। हम देख रहे हैं देवभद्र और यशोभद्र जो संयम पथ पर बढ़ने की आज्ञा मांगते है। अपने माता-पिता से कहते है कि संसार के सुख नश्वर है हमें परम सुख को पाना है इसलिए हमें आज्ञा प्रदान कीजिए। हमें दीक्षा लेने दीजिए, यह भोग संसार का सुख क्षण मात्र के लिए हैं और बहुत काल तक दुख का कारण बनता है। आप मुझे संसार का आनंद लेने के लिए कह रहे हैं यह हमेशा हमें स्मरण रखना है कि जन्म मरण सबसे अधिक दुख का कारण है।



## सिलाई मशीन वितरण

**चेन्नई/दक्षिण भारत राष्ट्रमत।** भगवान आदिनाथ जैन ट्रस्ट द्वारा भगवान महावीर पर निबंध प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता में 275 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उनका सम्मान किया गया। महिलाओं को स्वरोजगार के लिए टेलरिंग मशीन दी गईं। कार्यक्रम में जैन मेटल्स के शांतिलाल जैन, शांतिलाल खांटेड़, प्रकाशचन्द गुलेच्छा, मदन चोवटिया, मनोज जैन आदि उपस्थित थे।



## परमात्मा की देशना अमर है : साध्वी चैतन्यश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के पुरुषवाक्कम स्थित एएमकेएम में विराजित साध्वी श्री चैतन्यश्रीजी महाराज साहब ने अपने प्रवचन में बताया कि परमात्मा प्रभु महावीर अंतिम समय में मानव समाज के लिए 48 घंटे तक समव शरण में 18 देश के राजाओं की उपस्थिति में देशना देते हुए मानव समाज को भावनात्मक दिव्य भव्य उपदेश दिए अखंड 16 प्रहर तक परमात्मा की देशना चली ऐसे में हम प्रभु की अंतिम देशना श्रवण कर रहे हैं। कल हमने मृगां पुत्र का वर्णन सुना जिसमें मृगां पुत्र ने दीक्षा ली और साधना के द्वारा सिद्ध बुद्ध और मुक्त हुए 20 वां अध्ययन जो महाग्रंथिय नाम का अध्ययन है। इस अध्ययन में संयमी को नमस्कार किया गया है।

साध्वीश्री ने श्रेणिक राजा और मुनि मंडी कुक्षी के बीच हुए संवाद को सुनाया। लाखों गांव के मालिक होने के बाद भी श्रेणिक राजा को अनाथ कहने वाले मुनिश्री का वितांत विस्तार से सुनाया। कर्मों के चलते राजा भी अनाथ हो जाता है। विवश हो जाता है। आज की धर्म सभा मे अनेक क्षेत्रों से श्रद्धालु उपस्थित थे। यह जानकारी पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचन्द पावेचा ने दी।



## करवा चौथ पर चांद का किया दीदार, खोला उपवास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां बगसिंह बागरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार साहुकारपेट क्षेत्र के समुद्र मुदली स्ट्रीट स्थित खेतेश्वर भवन में बुधवार को राजपुरोहित समाज कि महिलाओं द्वारा श्री खेतेश्वर महिला मंडल के तत्वावधान सामुहिक रूप से करवा चौथ का पर्व परम्परागत तरीके से मनाया गया। सुहागिनों ने उपवास रखकर पति के लंबी उम्र कामना की। माता कि कथा सुनी। चांद का दीदार किया। पति के चरण स्पर्श किए तथा उनका चेहरा देख उपवास खोला। पर्व के तहत विवाहित महिलाओं ने करवा चौथ का उपवास रखा दिनभर निराहार रही एक दूसरे के घर जाकर करवा चौथ कि शुभकामनाएं दी एवं सांय सभी महिलाएं मिलकर सज धजकर श्रृंगार कर अपने हाथों में मेहंदी रचाकर समुद्र मुदली स्ट्रीट स्थित खेतेश्वर भवन पहुंची जहां पूजा अर्चना की एवं कथा सुनी एवं पति कि लंबी उम्र कि मंगल कामनाएं की। रात को चांद निकलने पर उनका दीदार किया चंद्रमा को जल का अर्ध्य देकर घर जाकर पति का चेहरा देख व्रत खोला उनसे चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## गौड़ ब्राह्मण संघ का दीपावली मिलन 19 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गौड़ ब्राह्मण संघ का दीपावली स्नेह मिलन समारोह 19 नवम्बर को दोपहर 3.50 बजे से मैनफो वेल होटल में रखा गया है। संघ के सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि इस मौके पर समाज के मेधावी बच्चों का संघ की ओर से सम्मान किया जाएगा। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी जाएगी।

अध्यक्ष चुन्नीलाल नाथोलिया ने संघ के सभी सदस्यों को परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया है।

## विरक्ति के मार्ग को जो अपनाता है वही भगवान को पा सकता है : महासती धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। विरक्ति के मार्ग को जो अपनाता है वही भगवान को पा सकता है। गुरूवार को साहुकारपेट जैन भवन के मरूधर केसरी दरबार में महासती धर्मप्रभा ने श्रावक श्राविकाओं को धर्म संदेश देते हुए कहा कि काम और राम साथ में नहीं रह सकते है। राग-द्वेष, काम-क्रोध, लोभ-मोह और विषयों और विकारों का जब तक मनुष्य त्याग और विरक्ति नहीं कर देता है तब तक वह परमात्मा से नहीं मिल पाएगा और न ही संसार से मुक्ति प्राप्त कर सकता है।

सांसारिक भोगों से इंद्रियों की तृप्ति नहीं होती है इन विषयों और विकारों से सुख नहीं दुःख मिलता है और आत्मा परमात्मा से नहीं मिल पाती है त्यागने पर ही संसार से मुक्ति मिलेगी और परमात्मा से आत्मा का मिलन हो सकता है। साध्वी स्नेहप्रभा ने श्री मद उत्तराध्ययन सूत्र का अर्थ सहित विवेचन करतें हुए कहा कि जिनवाणी एक ऐसा मार्ग है जो हमारी आत्मा को परमात्मा के नजदीक और स्पर्श करवा सकती है और संसार के दुखों से छुटकारा दिला सकती है। मनुष्य श्रद्धा और विश्वास के साथ जिनवाणी का श्रवण करता है तो वह आत्मा का साक्षात्कार कर सकता है। जिनवाणी अमृत सरोवर के समान है संसार मे कितनी ही आत्माओं ने परमात्मा की अमृतमय वाणी को सुनकर अपनी आत्मा का कल्याण करवा और मोक्ष पाया। श्रीसंघ के कार्याध्यक्ष महावीर चन्द सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्मसभा में अनेकों ने उपवास,आयंबिल एकासन व्रत के साध्वी धर्मप्रभा से प्रत्याख्यान लिए।

## कर्नाटक में मिला जीका वायरस, सरकार हाई अलर्ट पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चिक्कबल्लापुर। बेंगलूरु शहरी जिले के करीब स्थित चिक्काबल्लापुर जिले में मच्छरों में घातक जीका वायरस का पता चलने के बाद कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि राज्य के 68 अलग-अलग स्थानों पर मच्छरों के शरीर में जीका वायरस की मौजूदगी का परीक्षण किया गया। इसी तरह, चिक्काबल्लापुरा जिले के छह स्थानों से नमूने लिए गए। जीका वायरस सिद्लाघट्टा तालुक के तालाकायालाबेट्टा गांव में मच्छरों में पाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी तुरंत कार्रवाई में जुट गए और वायरस के प्रसार को रोकने के लिए निवारक उपाय शुरू किए। स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा पहले ही विशेष बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं और अधिकारियों को प्रारंभिक चरण में संकट को कम करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने 30 गर्भवती महिलाओं और बुखार के लक्षणों वाले सात व्यक्तियों के रक्त के नमूने एकत्र किए हैं और उन्हें परीक्षण के लिए बेंगलूरु भेजा है। नमूने तालाकायला बेट्टा गांव के पांच किमी के दायरे में स्थित गांवों से एकत्र किए गए थे। अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से वेंकटपुरा, डिब्बुरहल्ली, बच्चनहल्ली, वड्डहल्ली और अन्य का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। चिक्काबल्लापुरा जिला स्वास्थ्य अधिकारी महेश कुमार ने चिक्काबल्लापुरा जिले में जीका वायरस पाए जाने की पुष्टि की है।

स्वास्थ्य अधिकारी क्षेत्र के लगभग 5,000 लोगों पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। जीका वायरस एक मच्छर जनित वायरल संक्रमण है। इसके लक्षण हैं- बुखार, दाने, सिरदर्द, जोड़ों का दर्द, लाल आंखें और मांसपेशियों में दर्द आदि। इस घटनाक्रम ने चिंता बढ़ा दी है क्योंकि चिक्काबल्लापुरा जिला राजधानी बेंगलूरु के करीब स्थित है।

## मनुष्य का स्वभाव अध्यात्म है अंध भौतिकता नहीं : देवेंद्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरीश्वरजी ने सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन जैन संघ में प्रवचन देते हुए कहा कि इस दुनिया में धर्म को लेकर जितनी बहस हुई है, उतनी शायद ही किसी और चीज पर हुई होगी। इसके पक्ष और विपक्ष बनते रहे हैं। आज तो और भी, सारी समस्याओं के लिए धर्म को ही दोषी ठहराया जा रहा है। लेकिन यह एक अजीब सी बात है कि धर्म को किसी ने भी सही अर्थों में नहीं लिया। उलटे उसे टकराव का एक स्थायी मुद्दा बना दिया गया है। सबसे विषम स्थिति तो यह है कि टकराव को धर्म से धर्म तक ले जाया गया है जबकि धर्म का संबंध मानव-जीवन के आधारभूत नियमों से है। वे आगे बोले की जीवन और जगत के अंतर्संबंधों को समझने की कोशिश में मनुष्य ने धर्म को पाया है। हरेक ऋषि मुनियों ने माना है कि संपूर्णतः स्वीकार न कर पाने पर भी यथासंभव जीवन में धर्म को धारण कर चलना चाहिए ताकि वह हमारे जीवन को धारण करता रहे। इस दृष्टि से कहा है, धर्म को स्वल्प अंश में भी धारण करना महान भयों से बचाता है।

भगवान महावीर ने धर्म को हमारा स्वभाव माना है- वस्तु मात्र का स्वभाव। हर चीज, चाहे वह जीवित प्राणी हो या निर्जीव पदार्थ, अपने स्वभाव से प्रतिबद्ध है। स्वभाव से कटकर वह अपनी सत्ता से कट जाती है। हम भूल जाते हैं कि हमारा स्वभाव प्रकाश है, अंधकार नहीं। प्रेम है, अहंकार नहीं। एकता है, अनेकता नहीं। अभिन्नता है, भिन्नता नहीं। साहस है, कायरता नहीं। हमारा स्वभाव अध्यात्म है, अंध भौतिकता नहीं। स्वभाव से हम जितनी दूर जाते हैं, उतना ही अपने आप से भी दूर चले जाते हैं और स्वयं ही अपने अस्तित्व के लिए खतरा बन जाते हैं।

इसलिए यह जरूरी है कि हम अपने स्वभाव के अधिक से अधिक निकट रहें। लेकिन हम विभाव से इतने ग्रस्त हो चुके हैं कि हमारा स्वभाव, जो हमारे लिए सहज साध्य होना चाहिए, धारण करना कठिन हो गया है। वैसे यह सच है कि कालांतर में धर्म को संप्रदायों ने अपनी जंजीरों से जकड़ लिया। वह जीवन को धारण करने वाली सत्ता न रहकर पूजा-उपासना की विविध विधियों तक ही सीमित हो गया। धार्मिक चेतना का सामाजिक जीवन से कटाव होने पर नैतिक मूल्यों का आधार नहीं मिला। उन मूल्यों की उपेक्षा भी होने लगी। समय आ गया है कि हम धर्म को सांप्रदायिकता से मुक्त कर सच्चे अर्थों में अंगीकार करें ताकि हमारी आंतरिक अकिंचनता और उससे उत्पन्न अवसाद तो दूर हो ही, हमारा आत्मिक निर्माण भी हो सके।

## कन्नड़ राज्योत्सव पर किया ध्वजारोहण व अन्नदान

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्थानीय जेएसपी श्रीश्रीमाल जैन फाउंडेशन के तहत जैन संघ द्वारा मैसूरु बैंक सर्क पर कर्नाटक राज्योत्सव के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र श्रीश्रीमाल ने सभी का स्वागत करते हुए सभी को कन्नड़ राज्योत्सव की शुभकामनाएं दी तथा कहा कि कर्नाटक राज्य की संस्कृति गौरवशाली संस्कृति है जिसमें विश्व बंधुत्व एवं सभी के सुख की भावना है। ध्वजारोहण के बाद कार्यक्रम स्थल पर अन्नदान का आयोजन किया गया जिसमें विल्सनगार्डन जैन संघ के अध्यक्ष मीठालाल मकाणा, राजस्थान संघ कर्नाटक के अध्यक्ष कैलाशचंद संकलेचा, सेंकेड इनिंग्स के रतन जैन, जैन महासंघ बेंगलूरु सेन्ट्रल के महेंद्र मुणोत सहित अनेक सभा संस्थाओं के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के चामराजपेट स्थित सभागार में जैन समाज के धर्म गुरू आचार्यश्री विमल सागर सूरीश्वरजी म.सा. के चातुर्मास स्थल पर पहुचे राजपुरोहित समाज के धर्म गुरू आसोतरा के ब्रह्मधाम गादीपती श्री तुलछारामजी महाराज दो महान सन्तों का महा मिलन हुआ। आचार्य विमल सागरजी ने अपने प्रवचन में कहा की संगठन में शक्ति है संगठित होकर रहे कोई आपको तोड़ नहीं सकता है। सकारात्मक सोच रख कर आगे बढ़े ओर राजपुरोहित समाज के बारे में बहुत कुछ कहा ओर कार्यों की सराहना की है। श्री तुलछारामजी का शाल, माला, श्री फल से स्वागत अभिनंदन किया गया था। कार्यक्रम में ब्रह्मधाम के ट्रस्टी गिरधारीलाल बालोतरा, भीनमाल के पूर्व प्रधान धुकाराम राजपुरोहित ओर साथ में पृथ्वी सिंह लापा, डॉ. केशरसिंह गादाणा, जेठुसिह चानदेसरा, सावल चन्द्र धुमबडीया, दुर्गा राम, मोहन सिह, राजपुरोहित सन्देश के चन्दन सिंह जैतपुर, गोविन्द सिह थावलॉ, ढगलसिंह मोहराई, शकरसिह रायथल आदि गणमान्य उपस्थित थे।

## संस्कारवान व्यक्ति का समाज में हमेशा सम्मान होता है : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


बेंगलूरु।शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने गुरु राजेंद्रसूरी के 108 अभिषेक महोत्सव पर कहा कि चिंता को मिटाकर चिंतन की तरफ बढ़ने पर ही मिलेगा भयरहित जीवन। जिसका जीवन अध्यात्म निष्ठा से परिपूर्ण वहीं श्रेष्ठ श्रमण है। किसी भी व्यक्ति की जीवनशैली से उसके संस्कारों को समझ सकते है। संस्कार ही व्यक्ति का परिचय देते है। संस्कारवान व्यक्ति का समाज में हमेशा सम्मान होता है जबकि कुसंगति में रहने वालों को हमेशा अपमान सहना पड़ता है। हम बच्चों को जैसे संस्कार देंगे वैसा ही उनका भविष्य बनेगा। हमें बच्चों को धर्म की भावना से ओतप्रोत संस्कार देने होंगे। इसके लिए उन्हें जिनवाणी श्रवण के लिए भी प्रेरित करना होगा। सुसंस्कारित बच्चें समाज का भविष्य भी उज्ज्वल बनाएंगे।

साध्वी शीतलगुणाश्री ने कहा कि सभी जीवन में अभय यानी भय रहित होना चाहते है लेकिन जब तक दूसरों को अभय नहीं देंगे स्वयं अभय कैसे होंगे। भयरहित जीवन जीने के लिए चिंता को मिटाकर चिंतन की तरफ बढ़ना होगा। जब तक जीवन में चिंतन की दिशा सही नहीं होगी चिंताओं का समाधान नहीं होगा। इन चिंताओं के कारण ही व्यक्ति लक्ष्य से भटक जाता है। हमे परमात्मा महावीर जैसा बनना है तो अभय पाने ओर देने के साथ चिंतन को धर्म से जोड़ना होगा। अच्छे चिंतन के अभाव में धर्म ध्यान व त्याग तपस्या भी नहीं कर पाएंगे। अभिषेक लाभार्थी सुमटीबाई छगनराज भंडारी परिवार का आभार व्यक्त किया गया। चंपालाल गादिया, प्रदीप वेदमुथा, जयंतीलाल पटियात, तिलोकचंद भंडारी, मुकेश श्रीश्रीमाल, भरत जैन, संगीता पटियात, मीना जैन, ने पूजन का लाभ लिया। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष मेघराज भंसाली, नेमीचंद वेदमुथा, मांगीलाल वेदमुथा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## काउसग्ग अपने विचारों के साथ तकरार को दूर करने का विकल्प है : आचार्य उदयप्रभ सूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां किलपॉक जैन संघ में विराजित योगनिष्ठ आचार्य केशरसूरी समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी महाराज ने प्रवचन में कहा कि द्वारा यानी द्वार, नारी, गुफा बिना की शेरनी, कन्या, सुंदरी, ललिता, कुमारी सहित स्त्री के 92 नाम बताए गए हैं। स्त्री सत्वधारी, सत्ताधारी लोगों को भी वश में करके बाजी पलट देती है। कहा गया है कि पुरुष के पास शक्ति है तो स्त्री के पास सहनशक्ति है। स्त्री स्वर्ग का भी द्वार है, नरक का भी द्वार है और मोक्ष का भी द्वार है। जब कभी अपना मन उदास, विचार से ग्रस्त हो तो चार शरणागति लेनी ही चाहिए। मात्र प्रवृत्ति ही शरणागति नहीं है, शरणागति का अर्थ कुछ अलग है। शरणागति का मतलब है मैं आपके चरणों में सर्वस्व दे रहा हूं, आप ही मेरे सर्वस्व हो और मेरा सर्वस्व आपका है। चिकने से चिकने पाप, मन के संक्लेश शरणागति से दूर हो जाते हैं।



आचार्यश्री ने कहा कि शरणागति लेनी है तो 6 आवश्यक पर ध्यान देना है, वे है, सामायिक, परमात्म भक्ति, गुरु वंदन, प्रतिक्रमण, कायोत्सर्ग और पच्चक्खाण। इसके लिए पंचाचार दर्शनाचार, ज्ञान आचार, चरित्रचार, तपाचार और वीर्याचार की शुद्धि करना आवश्यक है। उदासीन रहना गुण है उदास रहना दुर्गुण है। उन्होंने कहा सामायिक का बल यानी चारित्राचार की शुद्धि देने वाला प्रभावक तत्व है। काउसग्ग का प्रभाव है कि आप अंतर की दुनिया में विचरण करेंगे। काउसग्ग अपने विचारों के साथ तकरार को दूर करने का विकल्प है। उसमें आत्मीय प्रतिकार शक्ति है। काउसग्ग का काउंटिंग श्वासोश्वास के आधार पर होता है। काउसग्ग के कई फायदे होते हैं जिनमें विघ्नों का निवारण, विकल्प से मुक्ति, कर्मों की निर्जरा, इंद्रियों की स्थिरता और तनाव से मुक्ति प्रमुख है। सावद्य योग से अटकने का लाभ सामायिक से मिलता है। उन्होंने कहा सूत्र उच्चारण के चार प्रकार रागबद्ध, व्यंजनबद्ध, स्वरबद्ध और छंदबद्ध होते हैं। राग को स्वर व व्यंजन को तोड़े बिना उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा वक्ता बुद्धिशाली और श्रोता श्रद्धावान होने चाहिए। श्रद्धा से सुना हुआ अल्पज्ञान भी जल्दी मोक्ष देता है।


Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.


Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.